संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -210 शनिवार,01 जून 2024 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

## संक्षिप्त खबर



### आरबीआई को मिली बड़ी कामयाबी, ब्रिटेन से वापस आया 100 टन सोना

**नई दिल्ली,31 मई 2024(ए)।** भारतीय रिजर्व बैंक को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। भारत का ब्रिटेन में रखा 100 टन से अधिक सोना वापस लाया गया है। अब यह सोना इंग्लैंड की जगह भारत में आरबीआई के पास रखा है। आने वाले दिनों में और भी इतना ही सोना भारत वापस आने वाला है। इस सोने को 1991 में गिरवी रखा गया था।

रिजर्व बैंक के आधे से अधिक सोना भंडार विदेश में बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास सुरक्षित रूप से रखे गए हैं। इसका करीब एक तिहाई हिस्सा घरेलू स्तर पर रखा गया है। ब्रिटेन से भारत सोना लाने से रिजर्व बैंक को भंडारण लागत बचाने में काफी मदद मिलेगी। जिसका भुगतान बैंक ऑफ इंडिया को किया जाता है।

### दिल्ली हाई कोर्ट ने गिरफ्तारी के खिलाफ विभव कुमार की याचिका एमपी/एमएलए जज को स्थानांतरित की




**नई दिल्ली,31 मई 2024(ए)।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट और यौन उत्पीडन् के मामले में गिरफ्तारी के खिलाफ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार की याचिका एमपी/एमएलए जज के पास स्थानांतरित कर दी।

# सातवें और अंतिम चरण का मतदान आज

**» लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और सात राज्यों की 57 सीट पर मतदान होगा...इस चरण में वाराणसी संसदीय क्षेत्र में भी मतदान होगा जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं...**

**नई दिल्ली,31 मई 2024(ए)।** लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में शनिवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ और सात राज्यों की 57 सीट पर मतदान होगा। इस चरण में वाराणसी संसदीय क्षेत्र में भी मतदान होगा जहां से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। इस चरण में केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़, पंजाब की सभी 13 और हिमाचल प्रदेश की चार, उत्तर प्रदेश की 13, पश्चिम बंगाल की नौ,बिहार की आठ,ओडिशा की छह और झारखंड की तीन लोकसभा सीट पर मतदान होगा।

इस चरण में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिलाएं और 3,574 'थर्ड जेंडर मतदाताओं सहित 10.06 करोड़ से अधिक नागरिक मतदान करने के पात्र हैं। शनिवार को होने वाले मतदान के साथ ही 19 अप्रैल से शुरू हुई मतदान प्रक्रिया समाप्त हो जायेगी। अब तक 28 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 486 लोकसभा सीट के लिए मतदान हो चुका है। आंध्र प्रदेश,अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम विधानसभाओं के लिए भी मतदान हुआ। मतगणना चार जून को होगी।

चुनाव आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार,टेलीविजन चैनल और समाचार संस्थान एक जून को शाम साढ़े छह बजे के बाद 'एग्जिट पोल के आंकड़े और उसके नतीजे प्रसारित कर सकेंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदानकर्मियों के दलों को ईवीएम और चुनाव सामग्री के साथ उनके संबंधित मतदान केंद्रों पर भेज दिया गया है। इसने कहा कि 1.09 लाख मतदान केंद्रों पर पेयजल, रैंप और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि मतदान आरामदायक और सुरक्षित माहौल में हो सके।

आयोग ने मतदाताओं से अधिक संख्या में मतदान करने तथा जिम्मेदारी और गर्व के साथ मतदान प्रक्रिया में शामिल होने का आह्वान किया। पहले छह चरणों में मतदान क्रमशः 66.14 प्रतिशत, 66.71 प्रतिशत, 65.68 प्रतिशत, 69.16 प्रतिशत, 62.2 प्रतिशत और 63.36 प्रतिशत रहा था। चुनाव प्रचार के दौरान मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) पर भ्रष्ट, हिंदू विरोधी होने, तुष्टीकरण और वंशवादी राजनीति में संलिप्त होने जैसे आरोप लगाए।




### पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी होगा चुनाव

गंगा किनारे बसे प्राचीन आध्यात्मिक शहर वाराणसी से मोदी लगातार तीसरी बार जीत हासिल करने के लिए चुनाव मैदान में हैं। वाराणसी लोकसभा सीट पर प्रधानमंत्री मोदी को विपक्षी गठबंधन इंडिया के उम्मीदवार एवं कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय चुनौती दे रहे हैं। राय दो बार पहले भी प्रधानमंत्री मोदी को इस सीट पर चुनौती दे चुके हैं।




#### विपक्षी बीजेपी पर लगा रहे संविधान बदलने का आरोप

विपक्षी दल दावा कर रहे हैं कि भाजपा किसान विरोधी, युवा विरोधी है और चुनाव जीतने पर संविधान को बदल देगी तथा उसे खत्म कर देगी। मोदी बृहस्पतिवार की शाम कन्याकुमारी पहुंचे थे, जहां वह स्वामी विवेकानंद से जुड़े स्थल पर ध्यान साधना कर रहे हैं। निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च को लोकसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषित करने के बाद से मोदी ने रैलियों और रोड शो सहित 206 जनसंपर्क कार्यक्रम किए हैं।

उत्तर प्रदेश में इस चरण की 13 लोकसभा सीट में महाराजगंज, गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,बांसगांव (सुरक्षित),घोसी,सलेमपुर,बलिया, गाजीपुर,चंदौली,वाराणसी,मिर्जापुर और राबर्ट्सगंज (सुरक्षित) शामिल हैं, जो 11 जिलों में स्थित हैं। सातवें चरण में राज्य की 13 लोकसभा सीट में से 11 सामान्य श्रेणी की हैं, जबकि दो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।इन चरण में प्रमुख उम्मीदवारों में वाराणसी से प्रधानमंत्री मोदी के अलावा केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय (चंदौली), केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल (मिर्जापुर) और केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी (महराजगंज) में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं वहीं पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के बेटे नीरज शेखर (बलिया), माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी (गाजीपुर), भोजपुरी अभिनेता रवि किशन और अभिनेत्री काजल निषाद (गोरखपुर) भी चुनाव लड़ रहे हैं।

तृणमूल कांग्रेस का पारंपरिक गढ़ माने जाने वाले दक्षिण बंगाल में शनिवार को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में पश्चिम बंगाल की दमदम, बारासात, बशीरहाट, जयनगर, मथुरापुर, डायमंड हार्बर, जादवपुर, कोलकाता दक्षिण और कोलकाता उत्तर सीट पर मतदान होगा।इन सभी सीट पर 2019 लोकसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने जीत हासिल की थी। तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता अभिषेक बनर्जी डायमंड हार्बर से चुनाव लड़ रहे हैं। पार्टी इस सीट को 'आदर्श निर्वाचन क्षेत्र के रूप में प्रस्तुत करती है जबकि विपक्ष इसे 'हिंसा की प्रयोगशाला के रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास करता है। दो बार के सांसद अभिषेक बनर्जी का मुकाबला मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रतिकुर रहमान और भाजपा के अभिजीत दास से है।

पंजाब में 13 लोकसभा सीट और चंडीगढ़ की एकमात्र सीट के लिए भी इस चरण में मतदान होगा, जिसमें 'इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी (आप) अलग-अलग चुनाव लड़ रहे हैं तथा शिरोमणि अकाली दल (शिअद) तथा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) भी चुनाव मैदान में अकेले उतरी हैं। भाजपा और शिअद 1996 के बाद राज्य में पहली बार अपने दम पर लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। उधर, 'इंडिया गठबंधन के दो दलों (कांग्रेस और आप) ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारे हैं। मंडी में रनौत और हिमाचल प्रदेश के मंत्री विक्रमादित्य सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है।केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर हमीरपुर से पांचवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार हैं। बिहार में इस चरण में सासाराम, नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, काराकाट और जहानाबाद में मतदान होगा जहां लगभग 1.62 करोड़ मतदाता 134 उम्मीदवारों के राजनीतिक भविष्य का फैसला करेंगे।राज्य में केंद्रीय मंत्री आर के सिंह आरा से जीत की 'हैट्रिक बनाने की कोशिश में हैं, जहां उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी भाकपा-माले के मौजूदा विधायक सुदामा प्रसाद हैं। पटना साहिब से भाजपा के वरिष्ठ सांसद रविशंकर प्रसाद उम्मीदवार हैं और उनका मुकाबला कांग्रेस प्रवक्ता अंशुल अभिजीत से है। पाटलिपुत्र में मीसा भारती तीसरी बार किस्मत आजमा रही हैं। भाजपा सांसद रामकृपाल यादव इस सीट पर जीत की 'हैट्रिक बनाने के प्रयास में हैं।

### अनुराग ठाकुर,कंगना रनौत, मीसा भारती की किस्मत दांव पर

ओडिशा की शेष 42 विधानसभा सीट के वास्ते चुनाव और हिमाचल प्रदेश की छह विधानसभा सीट के लिए उपचुनाव भी इसी के साथ होंगे। चुनाव मैदान में कुल 904 प्रत्याशी मौजूद हैं। इनमें शामिल प्रमुख उम्मीदवारों में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी, लालू प्रसाद की बेटी मीसा भारती और अभिनेत्री कंगना रनौत हैं।

### संदेशखाली पर सबकी निगाहें

अल्पसंख्यक बहुल बशीरहाट लोकसभा सीट और विशेष तौर पर संदेशखालि खंड में होने वाली चुनावी जंग पर पूरे देश की निगाह है। यहां स्थानीय तृणमूल नेताओं द्वारा महिलाओं पर अत्याचार और भूमि हड़पने के आरोपों के कारण सियासत काफी गर्मा गयी थी। भाजपा ने इन मुद्दों पर मुखर होकर प्रदर्शन करने वाली स्थानीय महिला रेखा पात्रा को तृणमूल कांग्रेस के कद्दावर नेता हाजी नुरुल इस्लाम के खिलाफ चुनाव मैदान में उतारा। माकपा ने पूर्व विधायक निरपदा सरदार को चुनाव मैदान में उतारा है, जिससे इस सीट पर मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है।

## बेटे ने मा कां गला रेता

### कोर्ट ने सुनाई ये कठोर सजा



**सुलतानपुर,31 मई 2024(ए)।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर में एक बेटे ने अपनी मां की गला रेतकर हत्या कर दी। आरोपी बेटे के पिता के मुताबिक, उसने यह कदम मां के बार-बार शौच करने जाने की वजह से उठाया था, जिसके बाद पिता ने पुलिस से मामले में न्याय की गुहार लगाई थी। साथ ही आरोपी बेटे के खिलाफ कोर्ट में गवाही भी दी, जिसके बाद उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है।पिता ने देखा कि बेटा महेंद्र खून से लथपथ है, जब उन्होंने घर के अंदर जाकर देखा तो उनकी पत्नी का धड़ रजाई में लिपटा पड़ा हुआ था। यह देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। इसके बारे में जब उन्होंने बेटे से पूछा तो बेटे ने बताया कि उसने अपनी मां का सिर काटकर कुएं में फेंक दिया है।

इसकी वजह थी कि मां पेट खराब होने के कारण बार-बार नल के पास शौच कर देती थी. इसी बात से परेशान होकर आरोपी बेटे ने अपनी मां की गला रेतकर हत्या कर दी. यह सुन पिता के गुस्से का कोई ठिकाना नहीं रहा. पिता ने खुद को संभालते हुए आरोपी बेटे की शिकायत पुलिस में कर दी।

## स्टेज पर फौजी को आया हार्ट अटैक



**इंदौर,31 मई 2024 (ए)।** देशभर में हार्ट अटैक के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। आए दिन दिल की इस जानलेवा बीमारी से लोगों की मौत हो रही है। अब इंदौर का ऐसा ही एक मामला सामने आया है। इंदौर के एक योग केंद्र में मां तुझे सलाम...देशभक्ति गीत पर प्रस्तुति देते समय रिटायर्ड फौजी बलविंदर सिंह छाबड़ा का शुक्रवार 31 मई को निधन हो गया। वे स्टेज पर गिर पड़े। उनके हाथ में तिरंगा था तो लोग और वहां मौजूद बच्चे चे इसे परफॉर्मेंस और डांस समझते रहे और तालियां बजाते रहे।

हालांकि जांच के बाद ही फौजी बलविंदर सिंह छाबड़ा की मौत की असल वजह सामने आ सकेगी, लेकिन प्राथमिक खबरों के मुताबिक उन्हें हार्ट अटैक आना ही बताया जा रहा है। चश्मदीदों ने बताया जब छाबड़ा को अस्पताल में मृत घोषित किया गया तो उनके मोबाइल से पता चला कि उन्होंने अंगदान का फॉर्म भर रखा है। इस पर परिवार को सूचना दी। जब वे आए तो बातचीत कर मौके पर ही मुस्कान ग्रुप के जरिए उनके नेत्र और स्कीन दान कर दी गई। अग्रसेन धाम में योग शिविर में सूर्य नमस्कार करते हुए। इसी कार्यक्रम में छाबड़ा प्रस्तुति दे रहे थे,तब स्टेज से गिर गए।

## बीजेपी नेताओं ने किया बड़ा ऐलान

### » 4 जून को नहीं मनाएंगे जश्न




**राजकोट,31 मई 2024 (ए)।** राजकोट टीआरपी गेम जोन अग्निकांड में 12 बच्चों सहित 30 लोगों की मौत के मामले में राज्य सरकार के द्वारा बनाई गई एसआईटी ने जांच शुरू कर दी है। इसमें गुजरात भाजपा के नेताओं ने बड़ा ऐलान किया जिसमें उन्होंने कहा है कि भाजपा की पार्टी अगर 4 जून को लोकसभा चुनाव जीतती है तो उस दिन जश्न नहीं मनाएंगे। गेम जोन में कई अनियमितताएं सामने आई हैं। इसी बीच, गुजरात से भाजपा राज्यसभा सांसद राम मोकारिया ने दावा किया कि उन्होंने राजकोट नगर निगम के दमकल विभाग से अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) लेने के लिए 70 हजार रुपए की रिश्वत दी थी। गुरुवार को मीडिया बात करते हुए मोकारिया ने कहा कि राज्य में कोई भी अफसर बिना जेब गर्म किए काम नहीं करता है।

## राहुल गांधी के खिलाफ समन

### » लंदन में सावरकर को बदनाम करने का आरोप



**नई दिल्ली,31 मई 2024 (ए)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि केस में पुणे की अदालत ने समन जारी किया है। अदालत ने उन्हें पेश होने के लिए कहा है। यह अदालती कार्यवाही विनायक दामोदर सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की शिकायत पर शुरू हुई है।

सत्यकी ने राहुल गांधी पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सावरकर को लंदन में विवादित बयान देकर बदनाम करने का आरोप लगाया है। राहुल गांधी के खिलाफ यह आदेश न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) साक्षी जैन ने दिया।

सत्यकी के वकील संग्राम कोल्हटकर ने बताया कि न्यायालय ने हमारे पक्ष को सुनने के बाद राहुल गांधी को समन जारी करने का आदेश दिया। यह मामला वीर सावरकर की मानहानि के खिलाफ दायर किया गया था, राहुल गांधी ने कुछ कथित घटनाओं का हवाला देते हुए टिप्पणियां कीं जो उनके (सावरकर) जीवन में कभी नहीं हुईं और इसलिए उनके पोते ने मानहानि का मामला दायर किया था। अदालत ने अगली सुनवाई की तारीख 19 अगस्त तय की है। हालांकि अभी यह साफ नहीं है कि कांग्रेस नेता खुद अदालत में पेश होंगे या उनके वकील या प्रतिनिधि हाजिर होंगे।

## प्राइवेट पार्ट में एक किलो सोना छिपाकर ले जा रही एयर होस्टेस गिरफ्तार



### » भारत में ऐसा पहला मामला

**कन्नूर,31 मई 2024 (ए)।** केरल के कन्नूर एयरपोर्ट पर एअर इंडिया एक्सप्रेस की एक एयर होस्टेस के पास से लगभग एक किलो सोना बरामद किया गया है। इसके बाद उसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया। एयर होस्टेस यह सोना मस्कट से कथित तौर पर अपने प्राइवेट पार्ट में छिपाकर ला रही थी। कहा जा रहा है कि वह पहले भी इस तरह से कई बार सोने की तस्करी कर चुकी है।

#### सुरक्षा अधिकारी भी हैरान

एयर होस्टेस की पहचान कोलकाता की रहने वाली सुरभि खातून के रूप में हुई है जिससे करीब 960 ग्राम सोना जब्त किया गया। सोने को राजस्व खुफिया विभाग ने जब्त कर लिया है। आरोपी खातून को बाद में मजिस्ट्रेट के सामने पेश किया गया और 14 दिनों की रिमांड पर लिया गया है।सुरभि मस्कट से कन्नूर में उतरने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट की केबिन क्रू मेंबर थी। रिपोर्ट के मुताबिक, खातून ने पहले भी कई बार सोने की तस्करी की है।समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, खुफिया जानकारी की बुनियाद पर डीआरआई कन्नूर की टीम ने एक एयर होस्टेस को गिरफ्तार किया। सोने को जिस आकार में बनाकर प्राइवेट पार्ट में रखा गया था उससे एयरपोर्ट की सुरक्षा में तैनात अधिकारी भी हैरान हैं। खुलासा हुआ कि सोने को एक शेप दे दिया गया था। पुरुष गुप्तांग की शक्ल में सोने को उस एयरहोस्टेस ने अपने प्राइवेट पार्ट में डाल रखा था। सूत्रों का दावा है कि भारत में यह पहला मामला है, जब एयरलाइन चालक दल का कोई सदस्य अपने प्राइवेट पार्ट में इस तरह सोना छिपाकर तस्करी करने के आरोप में पकड़ा गया है।



## उद्धव गुट को लगा बड़ा झटका

### » बालासाहेब पिंपरेकर ने पार्टी छोड़ा

**नागपुर,31 मई 2024 (ए)।** महाराष्ट्र में सभी 48 सीटों पर वोटिंग खत्म होने के बाद अब चुनाव परिणाम का इंतजार है. इस बीच लोकसभा चुनाव के नतीजे आने से पहले महाराष्ट्र में अजित पवार की एनसीपी ने उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना को बड़ा झटका दिया है. नासिक जिला परिषद के पटोदा समूह सदस्य बालासाहेब पिंपरेकर शुक्रवार (31 मई) को अपने साथियों के साथ शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की पार्टी छोड़कर डिप्टी सीएम अजित पवार की पार्टी एनसीपी में शामिल हो गए. एनसीपी अजित पवार गुट के नेता छगन भुजबल की मौजूदगी में बालासाहेब पिंपरेकर ने पार्टी की सदस्य ली. छगन भुजबल ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के जन प्रतिनिधि विकास की राजनीति को प्राथमिकता देते हुए राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के सदस्य बन रहे हैं, जो निश्चित रूप से एक सकारात्मक बात है. उन्होंने इन सभी नये साथियों का स्वागत करते हुए उन्हें भविष्य में विकास के पथ पर आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं।

## संपादकीय

# देश में खेल क्रांति संभव

देश की दो कम उम्र बेटियों ने ऐसा कमाल किया है, जिसे वर्षों भुलाया नहीं जा सकेगा। मात्र 15 साल की प्रीति स्मिता भोई ने विश्व युवा वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 40 किलो वर्ग के क्लीन और जर्क में 76 किलो वजन उठाने का विश्व यूथ रिकॉर्ड बनाने के साथ कुल 133 किलो वजन उठाया।वहीं 16 साल की काम्या कार्तिकेयन ने नेपाल की तरफ से एवरेस्ट पर सफल अभियान किया है। वह यह उपलब्धि पाने वाली देश की सबसे छोटी पर्वतारोही हैं। इन दोनों युवाओं ने अपने प्रदर्शन से साबित किया है कि कोई बात मन में ठान ली जाए तो उसे पूरा किया जा सकता है।प्रीति स्मिता ओडिशा के पिछड़े इलाके ढेंकनाल से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने मात्र दो साल की उम्र में ही पिता को खो दिया था। पर मां ने अपनी बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह का बलिदान दिया और उसका केंद्रीय विद्यालय में दाखिला करा दिया। वहां कोच गोपाल कृष्ण दास की उनके ऊपर निगाह पड़ी तो उन्होंने प्रीति को वेटलिफ्टर बनने की सलाह दी। और आज हमारे सामने विश्व रिकॉर्डधारी खड़ी है। वहीं काम्या एक सपन्न परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता एस कार्तिकेयन नौसेना में कमांडर हैं। पिता ने बेटी को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भरपूर साथ दिया है। वह इस अभियान में भी काम्या के साथ एवरेस्ट तक गए थे। मुंबई के नौसेना विद्यालय में 12 वीं में पढ़ने वाली काम्या ने नेपाल की तरफ से सफल अभियान करके सबसे कम उम्र में अभियान पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया। दोनों प्रदर्शन यह जताते हैं कि भारत में विभिन्न खेलों में प्रतिभाओं की तो कमी नहीं है,जरूरत सिर्फ उन्हें आगे लाने की है।हमारे यहां पहले भी तमाम युवाएं प्रतिभाएं कमाल करती रहीं हैं। पर इस तरह के मामले में अक्सर खिलाड़ी अपनी इच्छा शक्ति के दम पर तमाम मुश्किलों का सामना करके आगे आते रहे हैं। हमने धाविका हिमा दास जैसे तमाम एथलीटों को घर से प्रशिक्षण स्थल तक पहुंचने में तमाम बाधाओं को पार करने की तमाम कहानियां पढ़ी हैं।अगर देश में दूरस्थ स्थानों तक खेल सुविधाओं का नेटवर्क फैलाया जाए तो देश में खेल क्रांति संभव है। हम यदि ऐसा कर सके तो दो-तीन दर्जन पदक जीतकर देश की प्रतिष्ठा को चार चांद लगते देख सकेंगे।

# हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे...

जीव-जंतु तथा पेड़-पौधे भी मनुष्यों की ही भांति धरती के अभिन्न अंग हैं, लेकिन मनुष्य ने अपने स्वार्थ तथा विकास के नाम पर न केवल वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को उजाड़ा, बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है।धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इकोसिस्टम कहा जाता है, लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है।वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं, या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनिया भर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षो से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं।वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलाप तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनिया भर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। हिन्दी अकादमी, दिल्ली के सौजन्य से प्रकाशित अपनी पुस्तक प्रदूषण मुक्त सांसें' में मैंने विस्तार से उल्लेख किया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है।दरअसल, वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बन गया है। इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख-भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं, लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं, वहीं वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी



अस्तित्व मिट रहा है।हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौंदर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक आश्रय स्थल के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए जरूरी है। जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव-विविधता के मुद्दे पर लोगों में जागरूकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रति वर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। 20 दिसम्बर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरुआत की गई थी। दरअसल, 22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव-विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था, इसीलिए यह दिवस मनाने के लिए 22 मई का दिन ही निर्धारित किया गया। इस वर्ष यह दिवस योजना का हिस्सा बनें' थीम के साथ मनाया जा रहा है। यह थीम इस बात पर जोर देती है कि हम व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से अपने ग्रह की जैव- विविधता को संरक्षित करने के लिए जिम्मेदार हैं।धरती पर पेड़-पौधों की संख्या तेजी से घटने के कारण अनेक जानवरों और पक्षियों से उनके आशियाने छिन रहे हैं, जिससे उनका जीवन संकट में है। पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि इस ओर जल्द ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाले समय में स्थितियां इतनी खतरनाक हो जाएंगी कि पेड़-पौधों तथा जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियां विलुप्त होकर इतिहास के पन्नों का हिस्सा बन जाएंगी। माना कि धरती पर मानव की बढ़ती जरूरतों और सुविधाओं की पूर्ति के लिए विकास आवश्यक है लेकिन यह हमें ही तय करना होगा कि विकास के दौर में पर्यावरण तथा जीव-जंतुओं के लिए खतरा उत्पन्न न हो।दरअसल, बढ़ती आबादी तथा बढ़ते शहरीकरण ने मनुष्य को इतना स्वार्थी बना दिया है कि वह प्रकृति प्रदत्त उन साधनों के स्रोतों तक को भूल चुका है, जिनके बिना उसका जीवन असंभव है। अगर खेतों में कीटों को मारकर खाने वाले चिड़िया,मोर,तीतर,बटेर, कौआ, बाज, गिद्ध जैसे किसान हितैषी पक्षी-पखेरू तेजी से लुप्त होने के कगार हैं, तो समझ लेना चाहिए कि हम भयावह खतरे की ओर आगे बढ़ रहे हैं। जैव-विविधता की समृद्धि ही धरती को रहने तथा जीवन यापन के योग्य बनाती है, इसलिए लुप्तप्राय पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है।

**-योगेश कुमार गोयल-**

## सुधरने की जरूरत


निखिल रस्तोगी
लखनऊ,
उत्तरप्रदेश

संसारिक संतुलन बनाए रखने में समस्त जीव जन्तुओं कि भूमिका अहम होती है। फिर चाहे वह विशाल हाथी हो या छोटी चींटी, सभी प्राणियों पर ही संसार का अस्तित्व निर्भर करता है। हालांकि, यह बात आज समझने कि जरूरत है। दरअसल, पिछले कुछ सालों से समाचार पत्रों में प्रति माह आधा दर्जन खबरें पशु पक्षियों से क्रूरता या उनके घर यानी वनों को नुक्सान पहुंचाने से संबंधित होती है। यहां तक कि कुछ घटनाओं में जानवरों के सम्मान को क्षति पहुंचाई जाती है। सरकार, वन विभाग, और कुछ गैर-सरकारी संस्थाएं इस सम्बन्ध में कार्यवाही करते है, लेकिन फिर भी इस समस्या को पूरी तरह से साधना उनके लिए भी मुश्किल हो जाता है। इसके पीछे के कारण की बात करें तो, वह है समाज की दूषित मानसिकता, जो इतने स्वार्थ से लवरेज हैं कि इन बेजुबानों के बारे में सोचना उसे अपनी समय की बर्बादी से ज्यादा कुछ नहीं लगता है। यही वजह है कि सरकार एवं गैर सरकारी संगठनों के लाख प्रयासों के बाद भी इस समस्या को साधना मुश्किल है। आज समाज द्वारा बेधड़क वनों को काटा जा रहा है, पशु पक्षियों को मारा जाता है। वास्तविकता यह है कि इस समय में समाज स्वार्थ में इतना अंधा हो गया है कि वह अपने कार्यों के दुष्प्रभावों को यथार्थ देखते हुए भी अनदेखा कर देता है। यह हमारे स्वार्थ का ही परिणाम है कि समाज और उसमें रहने वाले इंसानों को प्राक्रतिक आपदाओं का सामना करना पड़ता हैं। यह जरुरत है कि समाज इन आपदाओं के पीछे छीपे संदेशों को समझें। आखिरकार हमारी भलाई इसी में है कि प्रकृति और उसके द्वारा बनाए गए पेड़, पशु, पक्षियों आदि को हम नुकसान न पहुंचाएं। समय रहते हमें सुधरने की ख़ासा जरूरत है।

# भीषण गर्मी का कारण है ओजोन परत क्षय

ओजोन परत समुद्र सतह से 60 कि.मी. की ऊंचाई तक विविध सांद्रता वाली परतों में पाई जाती है। ओजोन गैस ऊपर


संजय
गोस्वामी
मुंबई,
महाराष्ट्र


वायुमण्डल में अत्यंत पतली एवं पारदर्शी परत बनाते हैं। ओजोन लेयर ऑक्सीजन गैस का ही एक रूप होता है। जब ऑक्सीजन के तीन परमाणु एक साथ जुड़ जाते है तो वो ओजोन का निर्माण करते है। वायुमण्डल में ओजोन गैस का एक छाता सा आवरण पाया जाता है जिसे ओजोन परत या ओजोन मण्डल कह सकते हैं। वायुमण्डल की ऊंचाई 16 से 29 किलोमीटर तक मानी जाती है। तापक्रम तथा वायुमण्डल के कारण वायुमण्डल का परिवर्तन मण्डल, ओजोन मण्डल, समताप मण्डल तथा मध्य मण्डल उर्ध्वाकार विभाजन किया गया है। इसमें प्रमुख है ओजोन परत मण्डल जो ओजोन परत के नाम से जाना जाता है। यह परत पृथ्वी के धरातल से 2030 कि.मी. की ऊंचाई पर पाई ओजोन परत ऑक्सीजन के तीन परमाणु से मिलकर बनती है। यह परत वायुमण्डल में बहतु कम है जिसका प्रतिशत मात्र 0 02ः है। यह परत धरती के निकट होती तो इससे मानव के षरीर पर हानिकारक प्रभाव पड़ता जिससे मनुश्य अनेक रोगों से पीड़ित हो जाता। जहां यह परत धरती के निकट रहने से वह जीव जंतु आदमी सभी के लिए हानिकारक है, वहीं यह परत वायुमण्डल में ऊपर होने से मनुश्यों के लिए लाभदायक है। सूरज से निकलने वाली सबसे हानिकारक गैस है पैराबैंगनी किरण! पैराबैंगनी किरणे ना ही सिर्फ मनुष्य बल्कि जीव जंतुओं और वनस्पतियों के लिए अत्यंत हानिकारक है। सूरज की नुकसानदेह किरणों से बचाने



वाली हमारी जीवन रक्षक परत ओजोन बेहद पतली हो चुकी है। सूर्य की पराबैंगनी किरणों से धरती को बचाने वाली ओजोन परत में छेद हो चुका है. जब आर्कटिक के ऊपर ओजोन परत में इतना विशाल छिद्र देखा गया है. वैज्ञानिकों को कई तरह की चिंताएं सता रही हैं.ओजोन परत का अध्ययन करने वाले जेट प्रॉपल्सन लैबोरेटरी कैलीफोर्निया के वैज्ञानिकों ने ताजा रिपोर्ट तैयार की है. अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के सैटेलाइट्स से मिली तस्वीरों के आधार पर रिपोर्ट कहती है कि ओजोन परत पर उत्तरी अमेरिका के आकार जितना बड़ा छेद हो चुका है. इसका आकार 2.5 वर्ग किलोमीटर आंका गया है. वैज्ञानिक 1980 से ओजोन परत में हो रहे छिद्र का अध्ययन कर रहे हैं. हर साल ग्लोब के सबसे निचले हिस्से अंटार्कटिका में जाकर ओजोन परत पर नजर रखी जा रही है.रिपोर्ट के मुताबिक वैज्ञानिकों को आशंका है कि ओजोन परत का छेद फैलकर दक्षिणी अमेरिका तक पहुंच सकता है और भीषण गर्मी का कारण भी ओजोन लेयर में छेद होना है जी 20 शिखर सम्मलेन में इसपर चर्चा तो हुई लेकिन उसके उपाय नहीं ढूंढे गए गर्मी से भारत में नार्थ ही नहीं सभी राज्यों में भीषण गर्मी पड़ रही है जब हिमाचल जैसी ठंडी जगहों में तापमान 40डिग्री के पार चला गया तो चिंता का विषय है आखिर कहाँ जाएं गर्मी में दिल्ली का तापमान तो 52डिग्री के पार चला गया बिहार के औरंगाबाद में हीट वेब से 17लोगों की मौत हो गई वहींबुधवार को भीषण गर्मी के कारण अलग-अलग स्कूलों में शिक्षक और बच्चे समेत 337 लोग बीमार पड़ गए थे। गुरुवार को 14 लोगों की मौत हो गई थी।रोहतास और बेगुसराय जिलों में संदिग्ध लू से आठ लोगों की मौत की खबर है। फिलहाल मौत के आकड़ो पर कोई टिप्पणी नहीं कर सकते। कुछ राज्य जैसे दिल्ली और बिहार में भीषण गर्मी के बीच दिल्ली व बिहार सरकार फिलहाल सभी निजी और सरकारी स्कूलों, कोचिंग संस्थानों और आंगनवाड़ी केंद्रों को आठ जून तक बंद करने का आदेश दिया। शरीर में पानी की आवश्यक मात्रा 70ऌहोती है और गर्म होने से शरीर का पानी तवचा के छेद से पानी सुखता है और पानी की कमी से शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है जिससे मौत हो जाती है कुछ दिन पहले मुंबई में इतनी अधिक गर्मी पड़ी की रात भर नींद नहीं आया और टेबल फ़ैन लेना पड़ा तब जाकर कुछ आराम मिला।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## मेरी कविता के ये बोल


अमित
पाठक
शाकद्वीपी

मेरी कविता के ये बोल,
देते मन की बातें खोल,
कभी कहीं ये दर्द समेटें
कभी खुशियां भी अनमोल।
लिखूं कहूं मैं अपने किस्से,
कुछ पूरे कुछ अधूरे हिस्से,
कुछ लिखूं मैं बीना ही सोचे,
लिखा क्या है खुद माथा नोचे।
मन की सारी बातें लिख दूं,
खुद बन कविता कागज़ पर बिखरू,
गढ़ूं कभी मैं कोई कहानी,
ताजा ताजी या बात पुरानी।
जब जब लेखनी करें पुकार,
तब तब लिखने को तैयार,
द्वेष लिखूं या लिखूं उपकार,
कभी किसी का लिखूं श्रृंगार।
कभी लिखी देवो की महिमा,
बढ़ी जिससे इस कलम की गरिमा,
बात लिखूं जो घर कर जाए,
इसको उसको सबको भाए।
कभी कहीं शब्दो में मोती,
कभी भाव की अनुपम ज्योति,
कभी सफलता कभी विफलता,
कभी कुछ लिख लूं बस टहलता टहलता।
लिखना बस अच्छा लगता है,
मित्र यही सच्चा लगता है,
शब्दों की मुक भाषा में प्यारे,
मन दर्पण सा दिखता है।
रोके नहीं लेखनी रुकती,
कभी न थकती कभी न झुकती,
इसका अद्भुत जीवन में रोल,
मेरी कविता के ये बोल।

## आत्मविश्वास


श्याम सुंदर साहू
राजिम जिला
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

व्यक्ति के व्यक्तित्व को यह निखारता।
आगे बढ़ने की प्रेरणा
हमेशा यह देता।।
आत्मविश्वास जिसके
अंदर भरा रहता।
विषम परिस्थितियों में भी
नहीं घबराता।।
जिसके अंदर भरपूर है
आत्मविश्वास।
सारे समस्याओं का
हल है उसके पास।।
आत्मविश्वास मनोबल को है बढ़ाता।
हर जगह हर समय काम यह आता।।
अपने आत्मविश्वास को बढ़ाते जाओ।
सफलता की सीढ़ी पर चढ़ते जाओ।।
आत्मविश्वास प्रतिभा को
निखारता है।
मुसाफिर को
मंजिल तक पहुंचाता है।।
आत्मविश्वास की कमी
जिसके अंदर है।
जीवन में हमेशा
भटकता वह दर दर है।।
अति आत्मविश्वास भी
काम नही आता है।
बनने की जगह
कोई काम बिगड़ जाता है।।
चाहे कोई कलाकार हो या
हो कवि विश्वास।
सबके अंदर समाया हुआ है
आत्मविश्वास।।

# गाय-भैंसों को भी लग सकती है लू

## » गर्मियों में ऐसे करें पशुओं की देखभाल


-डॉ सत्यवान
सौरभ
बड़वा
(सिवानी)
भिवानी,
हरियाणा

बढ़ते पारे ने दुधारू पशुओं पर बहुत दबाव डाला है और यह सबसे बुरा तब होगा जब सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। मौजूदा परिस्थितियों में दूध का उत्पादन कम फीड इनटेक और अतिरिक्त हीट लोड के कारण भी कम हुआ है। हरे चारे की मात्रा बढ़ानी चाहिए और लंबे चारे को खिलाने से पहले काटना चाहिए। यदि चराई का अभ्यास किया जाता है, तो जानवरों को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चराने से बचें। 20-30 मिनट के लिए बराबर मात्रा में पानी में भिगोने से पोषक तत्वों का उपयोग बढ़ जाएगा। गर्मियों के दौरान आहार खनिज और विटामिन पूरकता में वृद्धि की जानी चाहिए क्योंकि गर्मी के तनाव के प्रभाव में इसका उत्सर्जन बढ़ जाता है। गर्मी के तनाव की अवधि के दौरान आहार में सोडियम और पोटेशियम की आपूर्ति से दूध की उपज बढ़ जाती है। पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित कृमिनाशक और टीकाकरण कार्यक्रम का पालन किया जाना चाहिए।

देश के कई राज्यों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है, गर्मी का असर इंसान के साथ-साथ मवेशियों के ऊपर भी दिखने लगा है। इस मौसम में पशुओं को लू लगने का खतरा बना रहता है साथ ही अधिक तापमान का असर दूध देने वाली मवेशियों पर होता है और उनके दूध देने की क्षमता कम हो जाती है। जिसका नुक़सान किसानों को उठाना पड़ता है। ऐसे में पशुपालकों को इस समय पशुओं की उचित देखभाल करनी चाहिए। बढ़ते तापमान को देखते हुए पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं को लू से बचाने के लिए एडवाइजरी भी जारी की जाने लगी है। पशुपालक को मौसम में होने वाले परिवर्तनो के अनुसार अपने पशुओं का प्रबंधन करना चाहिए जिससे उनके उत्पादन पर कोई विपरीत प्रभाव न पड़े। गर्मी के मौसम में पशुओं के बीमार होने की संभावना बढ़ जाती है। गर्म हवाओं एवं तापमान अधिक होने पर पशुओं को लू लगने का भी खतरा बना रहता है।

भारत में पशुपालन के तहत बडे स्तर पर दुधारु पशुओं को पाला जाता है। इनमें सबसे ज्यादा गाय, भैंस, बकरी और ऊंट की तादात शामिल है। जाहिर है कि पशुपालन बेहद जिम्मेदारी वाला काम है, जिसमें समय पर पशुओं की साफ-सफाई, चारा देना, पानी देना, दुहाना और घुमाना शामिल है। लेकिन गर्मियां आते ही तपती धूप में पशुओं को लू लगने के समस्या भी घेर लेती है। हालांकि पहले से ही सावधानियां बरत के बीमारियों को पनपने से रोका जा सकता है। लेकिन फिर भी परेशानी बढ़ जाये तो समय रहते इनकी पहचान करके पशुओं को बीमार होने से बचाया जा सकता है।

हालांकि गर्मी के मौसम का दुष्प्रभाव सभी प्रजातियों के जानवरों में देखा जाता है, लेकिन गाय,भैंस और मुर्गे अधिक प्रभावित होते हैं। यह काले रंग, पसीने की ग्रंथियों की कम संख्या और भैंसों में विशेष हार्मोन के प्रभाव,और मुर्गी में पसीने की ग्रंथियों की अनुपस्थिति और शरीर के उच्च तापमान (107 सेंटीग्रेड) के कारण होता है। जाहिर है कि देश में तपती धूप में कभी-कभी पारा 45 डिग्री तक चला जाता है। ऊपर से गर्म हवाओं से पशुओं को पानी की कमी और हीट-स्ट्रोक हो सकता है। अगर समय से सावधानियां बरती जाये तो बीमरियों की संभावना कम हो जाती है। लेकिन फिर भी पशु गर्मी के चलते बीमार हो जाते हैं तो इन लक्षणों से पहचान कर सकते हैं- पशु को तेज बुखार और बेचैनी होना, ठीक से आहार न लेना, तेज बुखार में हाँफना, नाक और मुंह से लार का बहना, आंखों का लाल होना और आँसू बहना,




तेज सांस लेना और लड़खड़ाकर के गिरना, सुस्ती और खाना-पानी बंद कर देना।अधिक गर्म आर्द्र या गर्म शुष्क मौसम के दौरान, पसीने और हांफने से गर्मी को दूर करने के लिए मवेशियों की थर्मोरेगुलेटरी क्षमता से समझौता किया जाता है और गर्मी का तनाव होता है। गंभीर गर्मी के तनाव से शरीर के तापमान में वृद्धि हो सकती है, नाड़ी की दर में वृद्धि हो सकती है, परिधीय रक्त प्रवाह में वृद्धि हो सकती है, भोजन का सेवन कम हो सकता है और पानी का सेवन बढ़ सकता है। बढ़ते पारे ने दुधारू पशुओं पर बहुत दबाव डाला है और यह सबसे बुरा तब होगा जब सापेक्ष आर्द्रता 90 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। मौजूदा परिस्थितियों में दूध का उत्पादन कम फीड इनटेक और अतिरिक्त हीट लोड के कारण भी कम हुआ है। हरे चारे की मात्रा बढ़ानी चाहिए और लंबे चारे को खिलाने से पहले काटना चाहिए। यदि चराई का अभ्यास किया जाता है, तो जानवरों को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चराने से बचें। 20-30 मिनट के लिए बराबर मात्रा में पानी में भिगोने से पोषक तत्वों का उपयोग बढ़ जाएगा। गर्मियों के दौरान आहार खनिज और विटामिन पूरकता में वृद्धि की जानी चाहिए क्योंकि गर्मी के तनाव के प्रभाव में इसका उत्सर्जन बढ़ जाता है।

गर्मी के तनाव की अवधि के दौरान आहार में सोडियम और पोटेशियम की आपूर्ति से दूध की उपज बढ़ जाती है। पशुओं के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए उचित कृमिनाशक और टीकाकरण कार्यक्रम का पालन किया जाना चाहिए। एक्टो-परजीवी, जिनका संक्रमण गर्मियों के दौरान बढ़ जाता है को जानवरों के साथ-साथ शेड में, विशेष रूप से कोनों और दरारों में उपयुक्त एसारिसाइडल स्प्रे का उपयोग करके ठीक से नियंत्रित किया जाना चाहिए। गर्मी के मौसम में उचित देखभाल और प्रबंधन तकनीक से किसानों को स्वस्थ पशुओं को बनाए रखने, अधिक दूध उत्पादन और डेयरी फार्मिंग से निश्चित लाभ प्राप्त करने में मदद मिलेगी। गर्मी के महीनों के दौरान जानवरों की देखभाल उनके स्वास्थ्य, कल्याण और समग्र अस्तित्व को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है। तीव्र गर्मी और अत्यधिक मौसम की स्थिति जानवरों के लिए महत्वपूर्ण चुनौतियां और जोखिम पैदा कर सकती है, लेकिन उचित देखभाल और ध्यान से इन्हें कम किया जा सकता है।

गर्मी के तनाव और निर्जलीकरण को रोकने के लिए पर्याप्त छाया, ताजा पानी और पर्याप्त वेंटिलेशन प्रदान करना आवश्यक है। रहने की जगह को नियमित रूप से संवारना और साफ़ सुथरा रखना जानवरों को गर्मी से निपटने में मदद करता है और त्वचा के संक्रमण और परजीवियों के जोखिम को कम करता है। इसके अतिरिक्त, गर्म मौसम के दौरान व्यायाम दिनचर्या को समायोजित करना, भोजन कार्यक्रम, और गर्मी के थकावट या तापघात के संकेतों की निगरानी करना महत्वपूर्ण है। गर्मियों के दौरान विभिन्न जानवरों की प्रजातियों की विशिष्ट आवश्यकताओं के बारे में खुद को और दूसरों को शिक्षित करना जिम्मेदार पालतू स्वामित्व को बढ़ावा दे सकता है और अनावश्यक पीड़ा को रोक सकता है। इन उपायों को लागू करके, हम अपने पशु साथियों के लिए एक सुरक्षित और आरामदायक वातावरण बना सकते हैं, उनकी भलाई सुनिश्चित कर सकते हैं और मनुष्यों और जानवरों के बीच एक मजबूत बंधन को बढ़ावा दे सकते हैं। याद रखें, हमारे प्यारे, पंखदार, और स्केली दोस्त उनकी देखभाल और सुरक्षा के लिए हम पर भरोसा करते हैं, खासकर चुनौतीपूर्ण गर्मी के मौसम में।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## जैसा कर्म वैसा कर्म फल


मोनिका डागा
आनंद ,
चेन्नई,
तमिलनाडु

नदी, पोखरे, कुएं, ताल-तलैया सब है
सुखे-सुखे,
गर्मी के मौसम की पड़ रही है मार,
आनंद रंग रुखे,
हो जाए कोई, अजब-गजब चमत्कार,
इंद्र देवता बरसाएं, मेघ मल्हार तीखे,
प्रभु जी अजब-गजब तेरी माया ।
मानव ने प्रलोभन में
वृक्षों को अंधाधुंध कांटा,
आवास उजाड़,
पशु-पक्षियों को प्यार न बांटा,
गर्मी से मचा है, चारों तरफ अब हाहाकार,
प्रकृति ने फिर मारा,
गाल पर गजब का चांटा,
प्रभु जी अजब-गजब तेरी माया ।
मानव अब व्याकुल हो, त्राहि-त्राहि करता,
नौतपा शुरू हो गया, प्रचंड कहर बरसाता,
प्रकृति का गजब, हिसाब-किताब सरकार,
जो बोया बबूल तो, गुलाब कैसे मिलता,
प्रभु जी अजब-गजब तेरी माया ।
जो तुम आज दोगे,
सूत समेत दुगुना कल लौटेगा,
यदि प्यार दोगे तो प्यार,
गजब छप्पर फाड़ मिलेगा,
वरना दुखों की, जीवन में लगेगी भरमार,
क्रिया-प्रतिक्रिया का,
यह नियम सूत्रधार बनेगा,
प्रभु जी अजब-गजब तेरी माया ।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कुछ दोहे बस यूं है


पूनम शर्मा
स्नेहिल
जमशेदपुर
झारखंड

बोलो मत कुछ भी यहाँ ,
अगर नहीं हो भान।
शब्दों से नापें सभी ,
यहाँ देखना ज्ञान।।
बिना परिश्रम यहाँ मिले ,
सदा रही वो भीख।
अपने जीवन से यही ,
मिली हमें है सीख।।
देख जहाँ हो फायदा ,
मुड़ जाते हैं लोग।
नहीं एक का है सुनो ,
हुआ कभी यह रोग।।
मीठी मीठी बात कर ,
दिख लाते हैं जात।
खुद समझो इनकी यहाँ,
है कितनी औकात।।
धन को बोले हैं यहाँ ,
जो हाथों का मैल।
करने को अर्जित उसे,
बनते सब ही बैल।।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

CMYK

# गर्भवती महिलाओं से अभद्र व्यवहार के मामले में प्रकाशित खबर पर विधायक ने लिया संज्ञान...हटाया गया लैब टेक्नीशियन

- मनोज कुमार -
लखनपुर,31 मई 2024
(घटती-घटना)।


-फाईल:फोटो-

विगत दिनों पूर्व लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन अनिल विश्वकर्मा के द्वारा लखनपुर अस्पताल में जांच करने पहुंची गर्भवती महिलाओं से अभद्र व्यवहार करते हुए जांच करने से साफ इनकार कर दिया गया था। जिसे लेकर प्रमुखता के साथ खबर प्रकाशित किया गया था। विधायक राजेश अग्रवाल ने प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेते हुए सीएमएचओ डॉक्टर आरएन गुप्ता से लैब टेक्नीशियन को हटाए जाने को कहा गया। जिस पर सीएमएचओ ने निर्देश दिया जीस पर बीएमओ डॉक्टर पी एस मारको ने लैब टेक्नीशियन अनिल विश्वकर्मा को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा गया संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही की बात कही गई थी। नोटीस जारी होने के बाद संतोष जनक जवाब नहीं मिलने पर लैब टेक्नीशियन अनिल विश्वकर्मा को लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से हटाए जाने की कार्रवाई की गई और मूलपद स्थापना लहपटरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुनः वापस भेजा गया। गौरतलब है कि लैब टेक्नीशियन अनिल विश्वकर्मा की पद स्थापना लखनपुर विकासखंड के लहपटरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में था । वह भी लैब टेक्नीशियन द्वार मरीजो के साथ अभद्र व्यवहार किया जाता था जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश था। लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लैब टेक्नीशियन अनिल विश्वकर्मा को अटैच किया गया था। यहां भी उनके द्वारा गर्भवती महिला , मरीज और उनके परिजनों से अभद्र व्यवहार किया जाता था। जिसे लेकर कई बार अस्पताल प्रबंधन से इसकी शिकायत की गई थी परंतु इन पर कार्यवाही नहीं की जा रही थी। गर्भवती महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने और जांच करने से इनकार करने के मामले में प्रकाशित खबर को विधायक ने संज्ञान लेते हुए तत्काल लैब टेक्नीशियन को हटाए जाने सीएमएचओ को कहा। साथ ही सीएमएचओ डॉक्टर आर एन गुप्ता ने अस्पताल में आने वाले मरीजों से मधुर व्यवहार करते हुए बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मोहैया कराये जाने निर्देश दिया है किसी भी तरह की कोताही बरतने पर कार्यवाही की बात कही है।


लैब टेक्नीशियन बेलगाम मरीजों से अभद्र व्यवहार

लैब में जांच करने पहुंचे गर्भवती महिलाओं को जांच करने से किया साफ इंकार

सीएमएचओ के निर्देश पर लैब टेक्नीशियन को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर मांगा जवाब

- मनोज कुमार -
लखनपुर,27 मई 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा जिले का लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आए दिन सुर्खियों में रहता है जहां एक बार फिर अस्पताल प्रबंधन की लापरवाही देखने को मिली है। अस्पताल के लैब में जांच कराने पहुंचे गर्भवती महिलाओं से लैब टेक्नीशियन के द्वारा अभद्र व्यवहार करते हुए जांच करने से साफ इंकार कर दिया।ग्रामीण क्षेत्रों से अस्पताल में उपचार हेतु पहुंची गर्भवती महिलाओं को आखिरकार निजी लैब में जांच कराना पड़ा। लखनपुर विकासखंड के ग्राम केवरा की 8 माह गर्भवती महिला सरिता दास पति विकास दास,4 माह की गर्भवती महिला सुशीला पति प्रमोद राजवाड़े जोधपुर निवासी लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु पहुंचे जहां डॉक्टरों के द्वारा जांच के लिए पर्ची लिख लायक भेजा गया जब गर्भवती महिलाएं लैब में जांच कराने पहुंची गर्भवती महिलाओं को जांच करने से मना कर दीया। इस संबंध में मरीज की परिजनों द्वारा स्थानिक पत्रकारों द्वारा पूछा गया तो उनसे अभद्र व्यवहार किया गया। आखिरकार गर्भवती महिलाओं को लखनपुर के निजी लैब में जांच करना पड़ा। जब पत्रकारों ने इसकी जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर पीएस मार्को को दी गई। बीएमओ के निर्देश के बाद भी लैब टेक्नीशियन गर्भवती महिलाओं का जांच नहीं किया। कई बार लैब टेक्नीशियन की शिकायत होने के बावजूद किसी भी प्रकार की कार्रवाई अस्पताल प्रबंधन के द्वारा नहीं की जाती है। लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन दो पालियों में होता है। सुबह 8से दोपहर 2 बजे तक और शाम 4 बजे से 5 बजे तक अस्पताल का संचालन किया जाता है। हमर लैब के लैब टेक्नीशियन अनिल विश्वकर्मा के द्वारा मनमाने तरीके से सुबह 11 या 12 बजे ड्यूटी करने पहुंचते है। और दूसरी पाली की ड्यूटी में नदारत रहते हैं। बेलगाम लैब टेक्नीशियन पर कसावट लाने अस्पताल प्रबंधन की ओर से कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया है। इन लैब टेक्नीशियन के द्वारा कर्मचारियों मरीजों से अभद्र व्यवहार करते हुए धौंस दिखाया जाता है। इनकी शिकायत कई बार अस्पताल प्रबंधन से मौखिक तौर पर की गई है परंतु नेताओं और अधिकारियों के संरक्षण प्राप्त होने के कारण इन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही अब तक नहीं की गई है। अब देखना होगा कि अस्पताल प्रबंधन के द्वारा इन पर कार्यवाही की जाती है या नोटिस जारी कर खाना पूर्ति कर दिया जाता है।

इस मामले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर आर एन गुप्ता ने संज्ञान लेते हुए लखनपुर खंड चिकित्सा अधिकारी को उक्त लैब टेक्नीशियन अनील विश्वकर्मा को नोटिस जारी कर 24 घंटे के भीतर जवाब मांगने हेतु निर्देशित किया है साथ ही उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले मरीजों से मधुर व्यवहार कर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने निर्देशित किया है।

सीएमएचओ
आर एन गुप्ता

# पिकअप लूटने वाले स्कार्पियो सवार दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 मई 2024
(घटती-घटना)।




धौरपुर थाना क्षेत्र में स्कार्पियो सवार चार बदमाशों ने पिकअप वाहन लूटकर फरार हो गए थे। इस दौरान बदमाशों ने वाहन के चालक व मालिक के साथ मारपीट की घटना को भी अंजाम दिया था। वाहन मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो बामदशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए पिकअप वाहन व घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार अंजय टोप्पो करदोनी थाना लुण्ड्रा का रहने वाला है। 29 मई को अपने ड्राइवर विवेक यादव के साथ पिकअप वाहन से शादी का सामन पहुंचाने शंकरगढ़ गया था। उदधर से 18 नग सरई लकड़ी व सिल्ली लोड कर वापस लौट रहा था। तभी रास्ते में स्कार्पियो सवार पारस सिंह, जवाहिर व दो अन्य व्यक्ति ओवर टेक कर पिकअप को रोकवाकर चालक के साथ मारपीट करने लगे। इस दौरान चालक मौका देखकर फरार हो गया। वहीं बदमाशों ने पिकअप मालिक अंजय टोप्पो को अपने साथ स्कार्पियो में बैठा लिए और दो अन्य व्यक्ति ने पिकअप को लूटकर ले गए। वहीं पिकअप मालिक को कुछ दूर लेजाकर बदमाशों ने स्कार्पियो से उताकर फरार हो गए। पिकअप मालिक ने मामले की रिपोर्ट धौरपुर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर पुलिस ने पारस सिंह (27) व जवाहिर आयाम (32) निवासी करसी नवापारा प्रतापपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लूटे गए पिकअप वाहन व घटना में प्रयुक्त स्कार्पियो जब्त किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी धौरपुर निरीक्षक कैलाश मिर्रे, साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, थाना प्रभारी लुन्ड्रा उप निरीक्षक सम्पत पोटाई, सहायक उप निरीक्षक अजीत मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक रामधनी राम,देवनारायण यादव, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, सुधीर सिंह, रुस्तम,अमरसाय मिंज, जगसाय मरकाम,आरक्षक मनीष सिंह, सुयश पैकरा, सामुसाय, सुशील मिंज, दिलेश्वरचंद, सयनाथ लकड़ा, मुनेश्वर पन्ना, दीपक पाण्डेय, हेमंत लकड़ा,अनिल मरावी शामिल रहे।

# 17 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ दो महिला गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 मई 2024 (घटती-घटना)।



अवैध शराब बिक्री के मामले में गांधीनगर पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 17 लीटर शराब जब्त किया है। पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार गांधीनगर थाना के पीछे अवैध महुआ शराब का कारोबार चल रहा था। मामले में पुलिस ने उर्मिला यादव उम्र 40 वर्ष निवासी डेयरी फॉर्म रोड़ थाना गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने महिला के कब्जे 9 लीटर अवैध महुआ जब्त किया गया है। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने किरण सोनवानी उम्र 25 वर्ष निवासी मजिरा जयनगर हाल मुकाम घसियापारा गांधीनगर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके कब्जे से 8 लीटर शराब जब्त किया है। अवैध शराब बिक्री करने के मामले में पुलिस ने दोनों महिलाओं के खिलाफ धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक रश्मि सिंह, सहायक उप निरीक्षक निर्मला कश्यप, सहायक उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय, सहायक उप निरीक्षक राकेश मिश्रा, महिला प्रधान आरक्षक राधा यादव आरक्षक संजीव पाण्डेय, सतीश कुमार, पंकज लकड़ा, रविन्द्र साहू शामिल रहे।

# शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार,आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 मई 2024
(घटती-घटना)।




शादी का झांसा देकर युवती से बलात्कार करने के मामले में महिला थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। पीड़िता ने 29 मई को महिला थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि इसकी जान-पहचान ग्राम मांजा लखनपुर निवासी हरिओम से पूर्व में हुआ था। जानपहचान बाद हरिओम प्रार्थिया से बातचीत करता था एवं पसंद करने की बात बोलकर अक्सर शादी करने की बात बोलता था,कि घटना दिनांक 15 नवंबर 2023 को आरोपी हरिओम प्रार्थिया के रूम में आकर शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया हैं, घटना दिनांक के पश्चात दिनांक 2 मई 24 तक लगातार आरोपी द्वारा प्रार्थिया से शादी करने का झांसा देकर जबरन दुष्कर्म की घटना कारित किया गया हैं, और अब शादी नहीं कर रहा हैं, मामले में प्रार्थिया के रिपोर्ट पर महिला थाना में धारा 376 (2) (ढ) का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। विवेचना के दौरान पुलिस ने आरोपी हरिओम दास उम्र 25 वर्ष साकिन मांजा लखनपुर जिला सरगुजा का होना बताया, आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया, आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाये जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा जाता हैं। कार्रवाई महिला थाना से सहायक उप निरीक्षक गंभीर साय, सहायक उप निरीक्षक शोभा खन्ना, प्रधान आरक्षक नेतराम, महिला आरक्षक दिव्या एक्का, आरक्षक सुभाष पैकरा, कुलदीप शामिल तिग्गा अलबिनुस लकड़ा, इंद्रप्रसाद, अरविन्द मिंज शामिल रहे।

## विष्णु सिंहदेव को पदोन्नत कर बनाया गया कांग्रेस का राज्य महासचिव

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 31 मई 2024
(घटती-घटना)।

लोकसभा एवं विधानसभा चुनावों में युवा कांग्रेस के प्रतिनिधी के रुप में सक्रीय योगदान को ध्यान रख छत्तीसगढ प्रदेश युवा कांग्रेस के सचिव विष्णु सिंहदेव को पदोन्नत कर राज्य महासचिव बनाया गया है। युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीबी श्रीनिवास के द्वारा इस बाबत् 28 मई को आदेश जारी किया गया है। वर्ष 2012 में युवा इंटक से अपने राजनैतिक जीवन को प्रारंभ करने वाले विष्णसिंहदेव 2019 में प्रदेश युवा कांग्रेस में प्रदेश प्रवक्ता बने। इसके पूर्व 2014 से 2019 तक वो भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के पदों पर रहे। युवा कांग्रेस में प्रदेश सचिव के साथ ही युवा कांग्रेस के रिसर्च विभाग में राष्ट्रीय संयोजक के पद पर रहे। जिला एवं प्रदेश के वरिष्ट कांग्रेस, युवा कांग्रेस नेताओं ने उन्हें इस नियुक्ती की बधाई दी है।




# सार्वजनिक स्थान पर बैठकर पी रहे थे शराब,11 लोगों पर हुई कार्रवाई

- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 मई 2024
(घटती-घटना)।



सार्वजनिक स्थान पर बैठकर शराब सेवन करने के मामले में सरगुजा पुलिस ने 9 प्रकरण में 11 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना गांधीनगर पुलिस ने रोजगार कार्यलय के पास सार्वजानिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले आरोपी हेम सिंह, परमेश्वर राम निवासी कटेरपारा कल्याणपुर पुलिस चौकी लटोरी, कुम सिंह निवासी खडग़वां पाठकपुर थाना खडग़वां,अनूप कश्यप निवासी सुभाष चौक गांधीनगर,देवेंद्र गुप्ता,विकास दास निवासी घुटरापार सनराइज स्कूल के पास कोतवाली, भारत सिंह निवासी अगासी थाना लुन्ड्रा के विरुद्ध धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। वहीं थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा गाड़ाघाट मेन रोड़ में सार्वजानिक स्थल पर शराब का सेवन करने वाले आरोपी रंजीत कश्यप निवासी गोधनपुर गांधीनगर, प्रभाकर तिवारी बौरीपारा शिकारी रोड़, शुभम त्रिपाठी निवासी सत्तीपारा अम्बिकापुर, हरिहर प्रधान निवासी नवापारा के विरुद्ध थाना कोतवाली में धारा 36(च) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है। कार्रवाई में प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी गांधीनगर निरीक्षक अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक सेबेस्टीन कुजूर, उप निरीक्षक रम्भा साहू, सहायक उप निरीक्षक कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, प्रधान आरक्षक संतोष कश्यप, महिला आरक्षक शांति लकड़ा, आरक्षक रिंकू गुप्ता, रमन मण्डल, पवन यादव, देवेंद्र पाठक शामिल रहे।

# सरगुजा संभाग में भीषण गर्मी...सूरजपुर जिले में कई चमगादड़ों की मौत...





- संवाददाता -
अंबिकापुर,31 मई 2024
(घटती-घटना)।

सरगुजा संभाग में भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान 44 डिग्री के करीब बना हुआ है। इससे लू की स्थिति बनी हुई है। भीषण गर्मी के कारण इंसान के साथ-साथ पशु-पक्षियों की भी परेशानी बढ़ गई है। भीषण गर्मी के कारण सूरजपुर जिले में काफी संख्या में चमगादड़ की मौत हो गई है। चमगादड़ों की मौत की जानकारी लगते ही पशु चिकित्सा विभाग अलर्ट हो गया है। संक्रमण न फैले इस लिए तत्काल चमगाड़ के शवों को इकट्ठा कराकर दफन करा दिया गया है।

सूरजपुर जिला मुख्यालय स्थित पुराने जिला अस्पताल परिसर में बिल्डिंग के ठीक बगल से लगे आम के पेड़ में सैकड़ों की संख्या में चमगादड़ों का बसेरा है। पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी से एकाएक चमगादड़ों का मरकर जमीन पर गिरने का सिलसिला जारी है। कुछ चमगादड़ पेड़ पर लटके लटके ही मर चुके हैं। गुरुवार शाम को कुछ स्थानीय लोगों ने देखा कि बड़ी संख्या में चमगादड़ वहाँ मरे पड़े हैं। जिसके बाद उन्होंने पशु विभाग को इसकी सूचना दी। चमगादड़ों की मौत की सूचना मिलते ही पशु चिकित्सकों की टीम शुक्रवार की सुबह मौके पर पहुंची। पशु विभाग की टीम ने मरे हुए चमगादड़ों को इकट्ठा कर अपने साथ ले गए। ताकि आसपास के लोगों को पक्षियो के मरने से संक्रमण न फैल सके। पशु चिकित्सा विभाग ने मृत चमगादड़ों के सैंपल लेकर पोस्टमार्टम कर शवों को दफना दिया है। चिकित्सकों ने बताया कि इस भीषण गर्मी में बढ़ते तापमान के चलते मौत हुई है।

# गाजा में हमलों को और भी धार देगा इस्राइल, सेना ने मध्य राफा में शुरू किया काम

**तेल अवीव, 31 मई 2024।** इस्राइल हमास के बीच पिछले करीब सात माह से युद्ध जारी है। इस्राइल की सेना ने इस बात की पुष्टि की है कि गाजा के दक्षिण में हमलों को और भी ज्यादा तेज किया जाएगा। इसके लिए मध्य राफा में कार्रवाई भी तेज कर दी गई है।



### इस्राइल का दावा-अभी युद्ध खत्म नहीं हुआ है

बता दें कि इससे पहले इस्राइल द्वारा चेतावनी दी गई है कि यह युद्ध सात महीने और चल सकता है। साफ तौर पर यह संकेत दे दिया है कि अभी इस्राइल का बदला पूरा नहीं हुआ है। इस्राइल के एक वरिष्ठ अधिकारी चेतावनी दे चुके हैं कि गाजा में युद्ध साल के अंत तक जारी रह सकता है। इस्राइल के युद्ध मंत्रिमंडल ने भी राफा पर हमले को आगे बढ़ाने पर जोर दिया, जिससे आंतकी समूह हमास का पूरी तरह से खात्मा किया जा सके।

### मध्य राफा को आईडीएफ ने बनाया बेस कैंप

अगर बीते कुछ दिनों से इस्राइली सेना की गतिविधियों पर नजर डालें, तो साफ दिखता है कि आईडीएफ ने मध्य राफा को अपना बेस कैंप बना दिया है। कुछ दिन पहले ही मध्य राफा में देखे गए टैंक दक्षिणी गाजा शहर की ओर बढ़ते दिखे। भले ही इस्राइल पर वैश्विक दबाव बढ़ रहा है लेकिन इसके बाद भी आईडीएफ की कार्रवाई जारी है।

### सात अक्तूबर से जारी है युद्ध

गौरतलब है कि सात अक्तूबर 2023 की सुबह हमास द्वारा करीब 5000 रॉकेट इस्राइल के अलग अलग शहरों पर दागे गए थे। जिसके बाद से दोनों पक्षों में युद्ध जारी है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शपथ ली है कि वह जब तक हमास का पूरी तरह से खात्मा नहीं होगा, तब तक युद्ध विराम नहीं होगा। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इस्राइली हमलों में 35,000 से अधिक फलस्तीनियों की मौत हो गई है। वहीं, 80 हजार से अधिक लोग घायल हैं। इनमें अधिकांश महिलाएं और बच्चे हैं। 80त्न आबादी विस्थापित हो गई है और सैकड़ों हजारों लोग भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं।



## जर्मनी के मैनहेम शहर में चाकूबाजी की घटना,दक्षिणपंथी कार्यकर्ता समेत कई लोग घायल

**बर्लिन,31 मई 2024।** जर्मनी के मैनहेम शहर में चाकूबाजी की घटना हुई है। एक शख्स ने हाथ में चाकू लेकर कई लोगों पर हमला कर दिया। बताया गया है कि इस घटना में एक दक्षिणपंथी कार्यकर्ता समेत कई लोग घायल हुए हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि इस घटना में जर्मनी के दक्षिणपंथी कार्यकर्ता और इस्लाम विरोधी आलोचक माइकल स्टर्जनबर्गर घायल हुए हैं।

**हाथ में चाकू लेकर लोगों पर किया हमला**

पुलिस का कहना है कि मैनहेम शहर में हमलावर के हाथ में चाकू था। उसने इस दौरान कई लोगों को घायल किया। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने हमलावर पर गोली चलाई, जिसके बाद वह घायल हो गया।

**हमले में कई लोग घायल**

पुलिस का कहना है कि सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने घायल लोगों के बारे में तत्काल जानकारी देने में असमर्थता जताई है। मामले की जांच की जा रही है।

# दक्षिण अफ्रीका में गठबंधन की सरकार बनने के आसार, एएनसी को जैकब जूमा की एमके पार्टी ने दिया झटका

**जॉहानेसबर्ग, 31 मई 2024।** दक्षिण अफ्रीका चुनाव के नतीजे जैसे-जैसे सामने आ रहे हैं, वैसे-वैसे वहां गठबंधन सरकार बनने की आशंका तेज हो रही है। दरअसल सत्ताधारी पार्टी एएनसी बहुमत से दूर है और ऐसा माना जा रहा है कि पार्टी अपना बहुमत खो सकती है। दक्षिण अफ्रीका की सत्ता पर एएनसी बीते 30 वर्षों से काबिज है। शुक्रवार को भी दक्षिण अफ्रीका में वोटों की गिनती जारी रही।



### बहुमत से पिछड़ी एएनसी

शुक्रवार दोपहर तक हुई वोटों की गिनती में सिरिल रामाफोसा के नेतृत्व वाली एएनसी को 42 प्रतिशत मत मिले हैं, वहीं डेमोक्रेटिक अलायंस को 23 प्रतिशत वोट मिले हैं। चुनाव से पूर्व अनुमानों में भी ऐसी आशंका जताई गई थी कि आम चुनाव में एएनसी को बहुमत नहीं मिलेगा और फिलहाल ये आशंका सच साबित होती नजर आ रही है। इसकी वजह पार्टी का लंबे समय से सत्ता पर काबिज होना, एएनसी की सरकार में भ्रष्टाचार बढ़ने के आरोप, आधारभूत ढांचे में पिछड़ने जैसे कारण गिनाए जा रहे हैं।

### जैकब जूमा की पार्टी ने दिया एएनसी को झटका

एएनसी को सबसे बड़ा झटका पूर्व राष्ट्रपति जैकब जूमा की एमके पार्टी ने दिया है। जैकब जूमा के गृह राज्य जुलू नटाल, जो कभी एएनसी का गढ़ था, वहां जैकब जूमा की एमके पार्टी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है और इसका सीधा नुकसान अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) को हुआ है। एमके पार्टी को यहां 44 प्रतिशत मत मिल चुके हैं और एएनसी महज 19 प्रतिशत वोट ही पा सकी है। जैकब जूमा को बीते दिनों संविधान कोर्ट ने न्यायपालिका की अवमानना के आरोप में चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित कर दिया था।

### एएनसी को तीन राज्यों में मिल सकता है बहुमत

दक्षिण अफ्रीकी राजनीति के जानकारों का कहना है कि गठबंधन की सरकार बनाने के लिए राजनीतिक दलों में पर्दे के पीछे बातचीत शुरू भी हो चुकी है। दक्षिण अफ्रीका में बहुमत के लिए 50 प्रतिशत वोटों की जरूरत है और फिलहाल कोई भी पार्टी इस आंकड़े के नजदीक पहुंचती नहीं दिख रही है।

# दीवान तालाब में मिला नवजात शिशु का शव



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 31 मई 2024 (घटती-घटना)।**

शहर के सत्तीपारा स्थित दीवान तालाब में नवजात शिशु का शव मिलने से सनसनी फैल गई। तालाब में नवजात का शव देख स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र के सत्तीपारा दीवान तालाब में शुक्रवार की दोपहर नवजात बच्चे का शव देखा गया। मोहल्ले वालों की सूचना पर पहुंचे डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को बाहर निकलवाया। नवजात का शव खुले में कौन फेंका इसकी जांच पुलिस कर रही है।

# विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिले में हुए विविध कार्यक्रम





- पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने नशे से स्वास्थ्य एवं समाज पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों को बताते हुए,नशा ना करने अपील की...
- नियम विरूद्ध तम्बाकू के विक्रय एवं उपयोग पर हुई चालानी कार्रवाई...

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,31 मई 2024 (घटती-घटना)।**

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस 31 मई के अवसर पर जिला सरगुजा में शासकीय एवं निजी संस्थानों के द्वारा जागरूकता हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी कड़ी में सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर,नवा बिहान एवं सरगुजा के सामाजिक संस्थाओं के द्वारा नशा मुक्ति के लिये जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री विजय अग्रवाल ने कहा कि हम सभी को पहले स्वयं एवं अपने घर को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेना होगा। इसके बाद ही आप दूसरों को प्रेरित कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं में नशा आजकल तेजी से बढ़ रहा है और यह कई तरह का है। हमें यह समझना जरूरी है कि नशा एक बीमारी ही नहीं बल्कि एक मानसिक विकृति है और जो इसका सेवन करते हैं उनमें कई तरह के बदलाव आ जाते हैं जो समाज के लिये घातक है। नशा करने से सिर्फ वह व्यक्ति ही प्रभावित नहीं होता जो इसका सेवन करता है अपितु समस्त परिवार प्रभावित होते हैं। उन्होंने सभी से तम्बाकू सेवन ना करने एवं नशे से दूर रहने की अपील की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर एन गुप्ता ने तम्बाकू के सेवन से व्यक्ति को होने वाले दुष्परिणाम के बारे में बताया।





कार्यक्रम मे बीएड प्रशिक्षणार्थियों ने गीत, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे से समाज एवं परिवार में होने वाली परेशानियों को बताया। एसपी श्री अग्रवाल ने सभी को तम्बाकू निषेध सम्बन्धी शपथ दिलाई गई।इस दौरान आमजनों को तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने, तंबाकू उत्पादों के उत्पादन और आपूर्ति को कम करना, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (व्यापार और वाणिज्य, उत्पादन और आपूर्ति और वितरण का निषेध) अधिनियम, 2003÷ के तहत प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन तथा शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद के क्रय-विक्रय पर पूर्णतः प्रतिबंध के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई।

### नियम विरूद्ध तम्बाकू के विक्रय एवं उपयोग पर हुई चालानी कार्रवाई

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर जिला स्तरीय टीम द्वारा अम्बिकापुर में अमानक तम्बाकू उत्पाद पर छापेमारी कार्यवाही की गई। टीम द्वारा शासकीय पीजी कॉलेज, रामानुजगंज नाका, स्कूल रोड, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन के समीप फूटकर विक्रेताओं की तलाशी लेकर तथा सार्वजनिक स्थल पर धूम्रपान करने वाले व्यक्तियों पर कोटपा एक्ट 2003 अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई की गई तथा समझाइश दी गई।

## सुजीत स्वर्णकार हत्या पर राम विचार नेता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर अफवाह से दूर रहने की लोगों से की अपील




कार्यालय मंत्री
छत्तीसगढ़ शासन
प्रेस विज्ञप्ति

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 31 मई 2024 (घटती-घटना)।**

बलरामपुर जिले में डर हत्याकांड में बजरंग दल के संयोजक की हत्या के मामले में कल बजरंग दल के द्वारा स्थानीय विधायक और कृषि मंत्री राम विचार नेताम का पुतला दहन किया गया था

राम विचार नेताम ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर लोगों को सूचना दी है कि जो घटना हुई है अल्कल्पनीय और दुखद है उन्होंने अपनी दर्द था बताते हुए कहा कि में झारखंड एवं दिल्ली प्रवास पर रहने के बावजूद घटना के दिन से ही मैं सभी से लगातार संपर्क में हूं इस घटना की पुलिस प्रशासन के द्वारा निरंतर जांच की जारी है दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है इसके बावजूद भी यदि मृतक के परिजन अभी तक की जांच से संतुष्ट नहीं है तो किसी भी स्तर की उच्च स्तरीय जांच की जाएगी इसके लिए मैंने मृतक सुजीत स्वर्णकार किरण काशी के माता-पिता एवं परिजनों से बात कर उन्हें अस्वस्थ भी किया है।

मृतक सुजीत स्वर्णकार मेरे लिए एक पारिवारिक सदस्य की तरह था। इसकी असमय ओर रहस्य में रहस्यमय तरिके की मृत्यु से मैं बहुत दुखी हूं एवं व्यथित भी हूं दुख इस घड़ी में उनके परिवार के प्रति में गरीब संवेदना प्रकट करते हुए किसी भी परिस्थिति में परिवार के साथ सदैव खड़ा हूं इस संबंध में आम जनों से अपील करता हूं कि घटना को लेकर किसी भी प्रकार के भरम एवं अफवाह में ना आकर ठोस एवं उचित तथ्य को जांच एजेंसी के सामने लाएं

# छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग का सरगुजा कमिश्नर को आदेश

- परसा कोल ब्लॉक के संबंध में आगामी आदेश तक कोई अग्रिम कार्यवाही ना करे, यथास्थिति बरकरार रखें...
- छत्तीसगढ़ के परसा कोल ब्लॉक को लेकर आयोग का बेहद महत्वपूर्ण फ़ैसला...
- आयोग ने माना ग्रामसभा में पारित प्रस्ताव विधि अनुरूप नहीं है...



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,31 मई 2024 (घटती-घटना)।**

सरगुजा संभाग के हसदेव अरण्य क्षेत्र में परसा कोल ब्लॉक को लेकर छत्तीसगढ़ राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग ने अहम फ़ैसला देते हुए यह माना है कि,परसा कोल ब्लॉक के प्रस्ताव को पारित करने वाली ग्रामसभाएं विधि अनुरूप नहीं थी। आयोग ने आगामी आदेश तक यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश सरगुजा कमिश्नर को दिए हैं। उल्लेखनीय है कि,यह आदेश ऐसे समय आया है जबकि चर्चाएँ थी कि, लोकसभा चुनाव के नतीजे के बाद कभी भी परसा कोल ब्लॉक के लिए पेड़ कटाई शुरु हो सकती हैं।

### क्या है मसला

सरगुजा संभाग में सरगुजा सूरजपुर और कोरबा ज़िला सीमा पर घना जंगल है। इसकी बायो डायवर्सिटी बेहद समृद्ध है। इसे हसदेव अरण्य कहा जाता है। यहाँ परसा कोल ब्लॉक है। इसके उत्खनन का ठेका अड़ानी के पास है। पेसा नियम के अनुरूप पाँचवीं अनुसूची क्षेत्रों में किसी भी उत्खनन के लिए भुमि अधिग्रहण के पूर्व ग्रामसभा की सहमति आवश्यक है। ग्रामीणों का आरोप है ग्रामसभा को लेकर ही कागज में बड़ी गड़बड़ी की गई।

### ग्रामीणों ने पैदल सफ़र तय किया और राज्यपाल से मिले थे...

ग्रामीणों का आरोप है कि प्रस्तावित परसा कोल ब्लॉक के लिए फ़र्ज़ी प्रस्ताव ग्रामसभा में फ़र्ज़ी तरीक़े से पारित बताया गया। ग्रामीणों का आरोप रहा है कि,प्रस्तावित परसा कोल ब्लॉक के लिए तीन गाँव की भुमि अधिग्रहण की कार्यवाही ग्रामसभा स्वीकृति लिए बिना ही संपादित कर दी गई है। फ़र्ज़ी ग्रामसभा के मसले पर ग्रामीणों ने पैदल क़रीब साढ़े चार सौ किलोमीटर का सफ़र तय किया और तत्कालीन राज्यपाल सुश्री अनुसूईया उईके से मुलाक़ात कर ज्ञापन सौंप तत्काल इन ग्रामसभाओं के प्रस्ताव रद्द करने की माँग रखी।इस पर तत्कालीन राज्यपाल ने 23 अक्टूबर को राज्य सरकार को पत्र लिखकर ग्रामसभाओं को लेकर ग्रामीणों के आरोप की जाँच कराए जाने के निर्देश दिए थे। हसदेव बचाव आंदोलन से जुड़े आलोक शुक्ला बताते हैं कि,राज्यपाल का यह आदेश राजभवन से मुख्य सचिव कार्यालय तक तो गया, लेकिन आगे क्या हुआ यह जानकारी कभी सार्वजनिक नहीं हुई।

### राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग ने कहा

राज्य अनुसूचित जनजाति आयोग में प्रभावित आदिवासियों की ओर से प्रकरण लिख कर फ़र्ज़ी ग्रामसभा की कार्यवाही को निरस्त करने की मांग थी। आयोग में यह प्रकरण 345/2021 क्रमांक के साथ दर्ज हुआ। आयोग ने 30 मई 2024 को इस मामले में जिला प्रशासन और ग्रामीणों के पक्षों को सुनने के बाद यह माना - ÷ग्रामसभा में परसा कोल ब्लाक के लिए पारित प्रस्ताव विधि अनुरुप नहीं थे। आयोग ने आदेश में सरगुजा के संभागायुक्त को आदेशित किया है कि उक्त पारित प्रस्ताव में आयोग का अंतिम निर्णय होने तक कोई भी अग्रिम कार्यवाही न करते हुए यथा स्थिति बनाए रखने का कष्ट करें।

# 17 लाख से अधिक का सम्मन शुल्क कोषालय में नहीं हुआ जमा

# 8 साल तक किसी को नहीं चला सका पता?

**पुलिस द्वारा ही वसूल किया गया सम्मन शुल्क हुआ चोरी आरक्षक ही निकला चोर, मामला हुआ दर्ज आरक्षक भेजा गया जेल**

**आरक्षक ने विभाग के लापरवाही का उठाया फायदा और कोषालय में जमा होने वाले सम्मन शुल्क की कर दी हेरा-फेरी**

**प्रदेश के वित्त मंत्री के निर्देश के बाद हुई छानबीन तो बड़ा घोटाला आया सामने**

**क्या प्रदेश के बाकी थानों के द्वारा कोषालय में भी जमा की गई राशि में हुई होगी हेरा-फेरी? अब मामला जांच का विषय...**

## सभी थाने के कोषालय भेजे जाने वाले सम्मन शुल्क की भी होनी चाहिए जांच...और भी हेरा-फेरी के मामले आ सकते हैं सामने

## आरक्षक फर्जी बैंक का सील बनाकर अपने ही विभाग को देता रहा धोखा और सम्मन शुक्ल का करता रहा गबन

-ओंकार पांडेय-
सुरजपुर,31 मई 2024
(घटती-घटना)।

हर विभाग में हेरा फेरी के मामले सामने आते हैं पर एक पुलिस विभाग ही ऐसा विभाग है जहां हेरा फेरी के मामले सामने नहीं आते क्योंकि हेरा-फेरी के मामले जांच के लिए पुलिस के पास आते हैं और फिर मामले में सब सही हो जाता है पर इसी विभाग में हेरा फेरी हो जाए तो फिर सवाल उठना लाजमी है,पुलिस विभाग में इस बार हेरा फेरी का मामले सामने आया है और यह हेरा फेरी कहीं और नहीं सम्मन शुल्क वसूली की है,हर जिले के थाना क्षेत्र में मोटर व्हीकल अधिनियम के तहत जांच होती है और सम्मन शुल्क वसूला जाता है, पर यदि सम्मन शुल्क कोषालय में जमा न हो तो उसे चोरी कहा जा सकता है,कुछ ऐसा ही मामला सूरजपुर जिले का सामने आया है जहां पर 1766880 रुपए का सम्मन शुल्क कोषालय में जमा नहीं हुआ है बताया जा रहा है कि यह सम्मन शुल्क की रकम पिछले 8 साल में वसूले गए थे पर कोषालय में जमा नहीं हुए अचानक सरकार बदलने के बाद वित्त मंत्री के निर्देश पर जांच शुरू हुई तब इस बात का खुलासा हुआ। भले ही पुलिस ने सम्मन शुल्क मामले में कार्यवाही करके अपने पीठ थपथपा रही हो पर सम्मन शुल्क के गबन मामले में कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं, कहीं ना कहीं विभाग के ही लापरवाही सामने आ रही है कि आखिर 8 साल तक इस बात का भक विभाग को कैसे नहीं लगा? क्या विभाग जानती थी इसके बावजूद अनजान बनी हुई थी? क्योंकि ऑडिट भी हर साल होता है फिर भी यह मामला 8 साल के बाद खुलासा होना कहीं ना कहीं कई सवाल खड़े करता है? बताया यह भी जाता है कि ऊपर से यदि जानकारी नहीं मांगी जाती तो शायद या खुलासा नहीं हो पाता। इस प्रकार की गड़बड़ी से पुलिस विभाग की छवि भी काफी खराब हुई।






### क्या हर साल कोषालय में जप्त राशि की होती है जांच?

वैसे सूरजपुर जिले के जयनगर पुलिस थाने के सम्मन राशि गबन मामले के सामने आने के बाद यह भी सवाल उठ खड़े हो रहे हैं की क्या हर साल वसूली राशि की जांच इस आधार पर संबंधित पुलिस थाना करता है की जब्त या वसूली गई सम्मन राशि कोषालय में जमा की गई है। यदि हर वर्ष जांच होती है तो आठ वर्ष बाद क्यों मामला सामने आया यह भी बड़ा विषय है। वैसे पूरे मामले में दोष एकमात्र किसी आरक्षक का नहीं कहा जा सकता क्योंकि प्रभारी की जिम्मेदारी प्रमुख होती है। उसने अपने अपने कार्यकाल में जमा राशि को लेकर क्या सत्यापन किया क्या जांच का प्रयास किया की राशि जमा हुई कोषालय में । वैसे अब एक आरक्षक पर मामला दर्ज हुआ है जो इस मामले में प्रभार सम्हालता था वहीं जांच का विषय यह भी होना चाहिए की वह अकेले इसमें संलिप्त था या अन्य भी इसमें भागीदार थे।



### सूरजपुर का मामला सामने आने के बाद जिले के हर थानों के कोषालय में जमा होने वाली राशि के जांच की उठने लगी मांग

अब प्रदेश के हर पुलिस थाने के सम्मन राशि मामले की जांच की मांग उठने लगी है। सुरजपुर जिले से मामला सामने आने के बाद यह मांग उठ रही है वहीं यह संभावना जताई जा रही है की जरूरी नहीं यह एक ही जगह या पुलिस थाने में हुआ मामला हो हो सकता है की अन्य पुलिस थाने में भी इस तरह का गबन हुआ हो जिसका जांच अब आवश्यक हो गया है जिसकी मांग हो रही है।

### आरक्षक ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे इतनी बड़ी गड़बड़ी को दिया अंजाम

जयनगर पुलिस ने बताया कि आरोपी आरक्षक दीपक सिंह पिता कामेश्वर सिंह वर्तमान में बिश्रामपुर थाने में पदस्थ था। वह माइनस कालोनी मर्टर नंबर 117 में रहता है। आरक्षक वर्ष 2016 से 2022 तक जयनगर थाने में पदस्थापना के दौरान कोर्ट मोहर्रिर का कार्य करता था। थाने द्वारा मोटर व्हीकल एक्ट के तहत वसूली गई समंश राशि,जिसे चालान के माध्यम से एसबीआई सूरजपुर शाखा से शासन के खाता क्रमांक 0041 में जमा किया जाना था, लेकिन आरक्षक ने शातिराना तरीके से कुल 55 प्रकरणों की राशि 17 लाख 66 हजार 860 रुपए बैंक खाते में जमा न कर चालान की प्रति में बैंक का फर्जी सील व मुहर लगाकर थाना व ट्रेजरी में जमा कर दिया गया था। 8 साल तक आरक्षक के इस गड़बड़ी की भनक तक किसी को नहीं लगी। पिछले दिनों ऑडिट के दौरान सूरजपुर पुलिस द्वारा जिला कोषालय में एसबीआई के चालान के माध्यम से जमा की गई राशि में भारी अंतर पाया गया। इसके बाद अलग-अलग थानों से जमा की गई राशि का बारीकी से मिलान किया गया,तब पता चला कि जयनगर थाने से जमा कराई गई राशि बैंक खाते में जमा ही नहीं हुई है। इससे हड़कंप मच गया। मामला आईजी व पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा तो पड़ताल हुई। इसमें पता चला कि कोर्ट मोहर्रिर आरक्षक दीपक सिंह ने थाने से भेजी गई राशि को उस तिथि में बैंक में जमा ही नहीं किया है और फर्जी पावती थाने में जमा करा दी गई है।

### क्या बाकी जिले के पुलिस थानों में भी हुआ होगा ऐसा घोटाला ?

जिस तरह सूरजपुर जिले के जयनगर पुलिस थाने से सम्मन शुल्क में गबन का मामला सामने आया है क्या उसी तरह अन्य जिलों के भी पुलिस थानों में भी सम्मन शुल्क में गबन हुआ होगा यह भी एक सवाल खड़ा हो रहा है। सवाल इसलिए भी खड़ा हो रहा है क्योंकि जब एक आरक्षक पूरे पुलिस थाने को ही आठ सालों तक गुमराह कर सकता है तो फिर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता की अन्य जगह ऐसा नहीं हुआ होगा। अब मामले में सवाल यह भी है की क्या आरक्षक पूरे मामले में अकेले ही संलिप्त था या उसके साथ कोई और भी संलिप्त था वहीं प्रदेश के अन्य जिले के पुलिस थानों के सम्मन शुल्क में गबन नहीं हुआ है यह भी पुलिस को अब जांच करने की जरूरत है।

### क्या थाने के कोषालय में जप्त राशि का उपयोग कर लेते हैं पुलिसकर्मी?

वैसे जयनगर के एक आरक्षक की सम्मन शुल्क राशि में गबन की बात से यह भी सवाल उठ खड़े हो रहे हैं क्या इसी तरह पुलिसकर्मी थाने में आने वाले सम्मन शुल्क का निजी उपयोग कर लेते हैं। जयनगर के आरक्षक की करतूत सामने आने के बाद यह बड़ा सवाल उठ खड़ा होता है की क्या पुलिस थाने में जब्त सामानों में भी सेंधमारी की जाती है क्योंकि जब लिखित रूप से नकद जब्त राशियों का ही गबन कर लिया जा रहा है वसूली राशियों का गबन कर लिया जा रहा है तो अन्य मामलों में भी ऐसा होता होगा इससे इंकार नहीं किया जा सकता।

### भारतीय स्टेट बैंक शाखा सूरजपुर का सील एवं हस्ताक्षर किया हुआ चालान पावती लाकर थाना में प्रस्तुत किया गया पर राशि जमा नही हुई...

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना जयनगर का सम्मन शुल्क राशि जमा करने संबंधी वर्ष 01/2014 से 06/2017 तक का सत्यापन कराने प्रतिवेदन जिला कोषालय सूरजपुर को भेजा गया था जो कोषालय के द्वारा माह जनवरी 2014 से 31 दिसम्बर 2023 तक सूची अनुसार ईकोष डाटा में मिलान कर सत्यापन कर जानकारी प्रदाय किया गया जिसमें दिनांक 01/01/2014 से 30/03/2016 तक कुल 72 पृथक-पृथक चालानों के माध्यम से उक्त अवधियों में विभिन्न तिथियों में जमा की गई सम्मन शुल्क की कुल राशि 979400/- रूपये का ईकोष में डाटा नहीं खुलने के कारण सत्यापन नहीं किया जाना लेख किया गया है। इसी प्रकार 2016 से 2023 तक कुल 56 चालानों के माध्यम से विभिन्न तिथियों में मोटर यान अधिनियम के तहत वसूल की गई समन शुल्क राशि कुल 17,66,860/- रूपये को साईबर ट्रेजरी में जमा नहीं होना पाया गया, उक्त अवधि में अंकित राशियों को थाना जयनगर के रिकार्ड के अनुसार पूर्व में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 537 दीपक सिंह पिता कामेश्वर सिंह जिसे नियमित कोर्ट कार्य डाक वितरण एवं सम्मन शुल्क की राशि बैंक में जमा करने हेतु लगाया गया था और जिसे उपरोक्त चालान दिनांक में उल्लेखित राशियों को जमा करने दिया गया था जो आरक्षक द्वारा जमा करने दी गई राशियों का भारतीय स्टेट बैंक शाखा सूरजपुर का सील लगा एवं हस्ताक्षर किया हुआ चालान पावती लाकर थाना में प्रस्तुत किया गया पर राशि जमा नही हुई। आरक्षक द्वारा प्रस्तुत किये गये उक्त सभी चालान पावतियों में आरक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर किया हुआ है तथा मुख्य शीर्ष 0041, वाहनों पर कर लघु शीर्ष 800 अन्य प्रति योजना क्रमांक 0766 तथा मुख्य शीर्ष 001, वाहनों पर कर लघु शीर्ष 800 अन्य प्रति योजना क्रमांक 766 पर समन शुल्क जमा होना लेख है, चालान पावती वर्षवार संधारित सम्मन शुल्क रजिस्टर में चस्पा किया हुआ है, जिसका जिला कोषालय सूरजपुर द्वारा सत्यापन करने पर बैंक से उपरोक्त राशियों को कोषालय में जमा होना नहीं पाया गया।

### 8 साल तक कहां सोया था विभाग?

आठ सालों से एक पुलिस थाने का सम्मन शुल्क कोषालय में जमा नहीं हो रहा था और कूट रचना कर बैंक का फर्जी जमा पर्ची थाने के रजिस्टर में चस्पा किया जा रहा था और किसी को भनक तक नहीं लगी यह सोचने वाली बात है। आठ वर्ष तक विभाग कहां सोया हुआ था जिसे नींद से जागने का सुध तब आया जब वर्तमान वित्तमंत्री का इस संबंध में निर्देश जारी हुआ। कुल मिलाकर देखा जाए तो यह पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल है वहीं अमानत में खयानत जैसा विषय है। बता दें की आठ वर्ष से एक पुलिस थाने का सम्मन शुल्क गबन किया जा रहा था और इसकी जानकारी पुलिस थाने के प्रभारियों को भी नहीं हो पा रही थी जो उनके भी कार्यप्रणाली को संदेह के दायरे में लाती है जिसकी जांच होनी चाहिए।

## आरक्षक दीपक सिंह जयनगर थाना में पदस्थ रहते मोटरयान अधिनियम के तहत 8 वर्षो में वसूली गई शासकीय राशि 17,66,860 के गबन को दिया अंजाम

इस प्रकार थाना के रिकार्ड एवं जिला कोषालय अधिकारी सूरजपुर से प्राप्त सत्यापन रिपोर्ट पर से आरक्षक 537 दीपक सिंह के द्वारा थाना जयनगर में पदस्थ रहते हुये अपने शासकीय पदीय कर्तव्य के दौरान थाना जयनगर के मोटरयान अधिनियम के तहत वर्ष 2016 से वर्ष 2023 तक की अवधि में वसूल की गई शासकीय राशि कुल 17,66,860/- रूपये को भारतीय स्टेट बैंक शाखा सूरजपुर बैंक की फर्जी स्टाम्प सील एवं हस्ताक्षर कर कुटरचित दस्तावेज तैयार कर शासकीय मद की राशि का धोखाधड़ी कर गबन कर राशि को जमा नहीं किया गया जो आरक्षक दीपक सिंह का कृत्य प्रथम दृष्टया अपराध धारा 409, 420, 467, 468, 471 भादंसं के तहत पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना दौरान उक्त अवधि का बैंक से जानकारी लिया गया जो भारतीय स्टेट बैंक से वर्ष 2020 से 2022 तक की जानकारी प्राप्त हुई जो उक्त अवधि में राशि बैंक में जमा होना नहीं पाया गया है। प्रकरण में विवेचना से आरोपी आरक्षक दीपक सिंह पिता कामेश्वर सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी माईनस कालोनी विश्रामपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा सदर धारा का अपराध घटित करना पाये जाने से उसके संबंध में अपराध कायमी की सूचना एवं आरक्षक को गिरफ्तार करने की अनुमति प्राप्त कर विधिवत् दिनांक 30/05/2024 को गिरफ्तार किया गया है।

# पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बुढ़ार में आयोजित विशेष समर क्लास में बच्चों को मिल रहा महत्वपूर्ण गुण सीखने का मौका



-संवाददाता-
बैकुंठपुर,31 मई 2024
(घटती-घटना)।

पीएम श्री सच के प्राथमिक शालाओं में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है इसमें बच्चों को कई महत्वपूर्ण गुण सीखने को मिल रहे हैं इस गर्मी के बीच अच्छी व्यवस्थाओं के साथ बच्चों को इस समय क्लास में शिक्षा के तौर पर कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी जा रही है,जिससे बच्चे अभी से ही काफी आगे की चीज सीख पा रहे हैं। बेसिक नॉलेज के साथ उन्हें कई स्किल वाले नॉलेज भी मिल रहे हैं जो कहीं ना कहीं बच्चों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा और बच्चों के दिमाग को तेजी से विकसित करेगा,पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बुडार में दिनांक 28.05.2024 से विशेष समर क्लास प्रारंभ किया गया जिसमें बच्चों को बेसिक शिक्षा के साथ-साथ कंप्यूटर इंस्टॉल करना, हार्ड डिस्क, मॉनिटर, प्रिंटर, कीबोर्ड, माउस ,सीपीयू के बारे में जानकारी के साथ-साथ सॉफ्टवेयर ड्रोन उड़ाना,ड्रोन के बारे में जानकारी, पावर सप्लाई देना व कंप्यूटर संबंधित जानकारी पीएम श्री प्राथमिक शाला बुडार के बच्चों को बताया गया जिससे बच्चों को मानसिक विकास, कंप्यूटर के प्रति बड़े और दिनों दिन बच्चों की सीखने के लिए ललक विकसित हो।जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता एवं प्रधान पाठिका श्रीमती जया मिश्रा के मार्गदर्शन एवं समस्त स्टाफ का सहयोग से समर कैंप ग्राम बुडार में सफल साबित हो रहा है। विशेष सहयोग में अरविंद पाल के द्वारा कंप्यूटर सिखाया जा रहा है। नवतपा की भीषण गर्मी में भी बच्चो की उपस्थिति प्रतिदिन बढ़ती जा रही एवम बच्चे समर कैंप में नए कौशल सीखने के लिए उत्साहित होकर प्रतिदिन कुछ नया सीखने आते हैं।

# क्या एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के ठेकेदार प्रबंधक को ही समझ बैठे है बेवकूफ...

# एफडीआर जमा करके कार्य समाप्ति से पहले निकाल लेते है एफडीआर की राशि?

## चरचा,पांडवपारा,कटकोना भूमिगत खदानों व सिविल के ठेकेदार एसईसीएल प्रबंधन को बेवकूफ बनाने में आगे...एसईसीएल बिश्रामपुर के बाद एसईसीएल बैकुंठपुर में भी फर्जी एफडीआर का मामला आया सामने...फर्जी एफडीआर मामले की शिकायत विजिलेंस सहित उच्च अधिकारियों से...

-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,31 मई 2024
(घटती-घटना)।

एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत कई ठेकेदार काम कर रहे हैं और कांटेक्ट वर्क में एफडीआर सुरक्षा के तौर पर जमा किया जाता है पर इस एफडीआर में भी फर्जीवाड़ा ठेकेदार करने लगे हैं, सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार एक ठेकेदार का काम एसईसीएल चरचा पांडवपारा कटकोना में करोड़ों का काम चल रहा है जिसमें फर्जी एफडीआर ठेकेदार लगाकर प्रबंधक को ही बेवकूफ बनाया है सूत्रों का कहना है की जांच में यह चीज सामने आई है पर एसईसीएल प्रबंधक अपनी लापरवाही से बचने के चक्कर में मामले का खुलासा करने से डर रहा है। जानकारी के अनुसार एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के अंतर्गत संचालित भूमिगत खदान चरचा,पांडवपारा,कटकोना में अवध किशोर शर्मा ठेकेदार के द्वारा तीनों भूमिगत खदानों में बेल्ट क्लीनिंग व मेंटेनेंस का काम किया जा रहा है, जिसके लिए करोडो का ठेका हुआ था और जिस ठेके में एफडीआर जो जमा किया गया है वह एफडीआर फर्जी बताया जा रहा है, क्योंकि एफडीआर का पैसा पहले ही ठेकेदार ने रिलीज करा लिया है, जबकि एफडीआर का पैसा तब रिलीज होता है जब काम खत्म हो जाता है और एसईसीएल एफडीआर के प्रमाण पत्र में लिख कर देती है कि इस राशि को जारी कर दिया जाए, पर ठेकेदार बैंक के साथ मिली भगत कर उस राशि को पहले ही जारी करा चुके हैं सर्फ एसईसीएल के पास अब कागज का टुकड़ा ही रह गया है, सूत्रों का कहना है कि फाइनेंस विभाग द्वारा इस मामले की जांच की गई है जिसमें यह पाया गया है की ठेकेदार द्वारा एफडीआर का फर्जी प्रमाण पत्र लगाया है फिर भी फिर भी प्रबंधक कार्यवाही से घबरा रहा है।




### एसईसीएल प्रबंधक की भी दिख रही लापरवाही

एफडीआर जब जमा होता है तो उसे एफडीआर की जांच अच्छे तरीके से अधिकारी नहीं कर पाते और फिर वही मामला बाद में जब खुलता है तो प्रबंधन अपने लापरवाही से बचने के लिए ठेकेदार को भी बचाती है कुछ ऐसा ही इस बार भी देखने को मिला है जब ठेकेदार द्वारा फर्जी एफडीआर एसईसीएल बैकुंठपुर में जमा कर करोड़ों का काम ले लिया और वह एफडीआर सिर्फ एसईसीएल के पास सुरक्षा पत्र नहीं कागज का टुकड़ा ही माना जाएगा, यदि वह काम ठेकेदार नहीं करता है तो एसईसीएल उसके एफडीआर का पैसा भी नहीं रोक पाएगी। सूत्रों का यह भी कहना है कि पेटी पर लेकर काम किया जा रहा है वही एफडीआर बनवाकर पेन से उसमें एसईसीएल लिखकर एफडीआर जमा कर दिया जाता है फिर जब काम मिल जाता है तो उस एफडीआर की राशि जारी करा ली जाती है।

### काम किसी के नाम पर कर रहा कोई

ठेकेदार कोई और है और काम को पेटी में दे रखा वही पेटी कॉन्टैक्टर व मुख्य कॉन्टैक्टर की मिली भगत करके एफडीआर की राशि को समय अवधि से पहले ही बिना सीसीएल अधिकारी के सेल हस्ताक्षर के राशि जारी कराया जाता है यह बात इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि सारे कार्यालय में अवध किशोर शर्मा ठेकेदार के नाम की चर्चा हो रही है कि उनके द्वारा फर्जी एफडीआर जमा किया गया एफडीआर में पेन से एसईसीएल लिखा गया और फिर उस पैसे को काम मिलने के बाद जारी करा लिया गया, जानकारों का कहना है जबकि यह पैसा तब तक जारी नहीं होता है जब तक काम खत्म ना हो जाए और एसईसीएल क्लीयरेंस न देदे, एसईसीएल साइन करके एफडीआर का प्रमाण पत्र वापस न कर दे।

### एसईसीएल के अधिकारी कानूनी पचड़ो से बचने के चक्कर में ठेकेदारों को गलत करने का अवसर देते हैं?

बताया यह भी जा रहा है कंपनी के अधिकारी कंपनी का नुकसान बर्दास्त कर लेते हैं केवल वह कानूनी किसी मामले में उलझना नहीं चाहते इसलिए भी ठेकेदार बच निकलते हैं वरना ऐसे मामलों में ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड भी हो जाते हैं। अब देखना यह है की इस बार क्या प्रबंधक या अधिकारी कार्यवाही के लिए आगे कदम बढ़ाते हैं या कानूनी मामले से बचने के लिए मामले को दबा ले जाते हैं।

### एसईसीएल अपना गर्दन बचाने में लगी तो ठेकेदार का बचना भी तय

पूरे मामले में गलती सामने आने के बाद एस ई सी एल के अधिकारी अपनी गर्दन बचाने में लगे हुए हैं। माना जा रहा है की अधिकारी अपनी गर्दन बचाने में यदि कामयाब हो जायेगें तो फिर ठेकेदार का भी बचना तय है। बता दें की मामला लंबी एफडीआर राशि का है और अमानत में खयानत का है। वैसे माना यह भी जा रहा है की इसमें मिलीभगत भी हो सकती है और पूरा खेल कंपनी को चुना लगाने के लिए किया जा रहा है। सब कुछ समाने आने के बाद भी यदि कार्यवाही नहीं हुई तो यही माना जायेगा की अधिकारी ठेकेदार को बचाने में लगे हैं।

### विश्रामपुर में भी फर्जी एफडीआर का मामला सामने आ चुका

कुछ महीने पहले एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र में भी फर्जी एफडीआई का मामला सामने आया था जिसमें ठेकेदार ने कूटरचित तरीके से फर्जी एफडीआर लगाकर पैसे को रिलीज करा लिया था बाद में जांच में पता चला कि वह एफडीआर का सिर्फ प्रमाण पत्र ही एसईसीएल के पास जमा रह गया। इस मामले में अधिकारी कुछ भी बोलने से बच रहे- इस मामले को लेकर जब एसईसीएल बैकुंठपुर के क्षेत्रीय वित्त अधिकारी को लगाया गया फोन तो वह ऐसा कुछ भी मामला नहीं है कहकर फोन काट दिये।

# भाजपा की सरकार...स्वास्थ्य मंत्री भी पड़ोसी जिले के...फिर भी जिला अस्पताल की स्थिति दयनीय!

## इसकी पुष्टि भी भाजपा कोरिया के जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र तिवारी ने अपनी एक पोस्ट से कर दिया

**कभी स्वास्थ्य मंत्री की गिनती इसी जिले में हुआ करती थी और उसी जिले के जिला चिकित्सालय की स्थिति अच्छी नहीं...**

**इसलिए जो सच है उसे बिना सफाई के स्वीकार किया भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने...**

**सरकार रहते अगर यह पोस्ट दिलेरी से किया गया है तो सवाल उठना लाजिमी है...**

**पोस्ट पर आईं काफी सारी प्रतिक्रियाएं भी यही बयां करती है कि जिला चिकित्सालय की स्थिति अच्छी नहीं है**

**क्या लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य विभाग में कोई बड़ा बदलाव होगा?**

**जब छप रही खबरों पर भी सरकार को भरोसा नहीं तो कम से कम भाजपा नेता के सोशल मिडिया पोस्ट पर तो भरोसा कर ही सकते हैं जिन्हे अस्पताल की स्थिति को लेकर सोशल मीडिया पर लिखना पड़ा**

### क्या स्वास्थ्य मंत्रालय को लेकर ही प्रदेश में हो जायेगा बदलाव?

प्रदेश में नई सरकार के गठन के बाद से ही सबसे ज्यादा सुर्खियों में स्वास्थ्य विभाग ही है जो प्रदेश या कहें किसी भी देश प्रदेश का ऐसा विभाग होता है जो लोगों के स्वास्थ्य और जीवन से जुड़ा होता है। प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत हद तक बेपटरी है और पूर्व कांग्रेस शासनकाल के भ्रष्ट अधिकारी इसके संचालन में लगे हुए हैं वहीं नई टीम के भी कुछ सलाहकार ऐसे हैं जिनके लिए व्यवस्था और लोगों के स्वास्थ्य से ज्यादा जरूरी केवल पैसा है अर्थ है। अब सवाल यह उठता है की क्या प्रदेश में आदर्श आचार संहिता उपरांत कोई बड़ा बदलाव स्वास्थ्य मंत्रालय में देखने को मिल सकता है। यदि ऐसा हुआ तो यह कोई अचंभा नहीं होगा यह माना जा रहा है क्योंकि बदलाव होना कुछ मामले में तय है और वह कौन से मामले हैं उनका खुलासा लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद ही होगा।

### एनएचएम में हुए फर्जीवाड़े की जांच भी है लंबित,बड़े स्तर पर हुआ है घोटाला

जिले के एनएचएम विभाग में बड़े स्तर पर घोटाला हुआ है और यह घोटाला भर्ती-खरीदी मामले में हुआ है और जो कई वर्षों से होता रहा और जिसकी शिकायत भी होती रही और जिसपर कार्यवाही कोई नहीं हो सकी। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान की खरीदी और भर्ती मामले में जांच और कार्यवाही होगी यह भाजपाई लगातार विपक्ष में रहते हुए कहा करते थे लेकिन सत्ता में आते ही वही लोग सर्वे सर्वा हो गए जिनकी शिकायत थी जिनपर भ्रष्टाचार के आरोप थे। कई मामलों में तो मुख्यमंत्री के यहां से जांच का निर्देश भी आया हुआ है लेकिन वह जांच लंबित है क्योंकि दोषी प्रभावशील है और खुद से ही पाक साफ है क्योंकि वह पहुंच वाला है।




-रवि सिंह-
कोरिया,31 मई 2024
(घटती-घटना)।

कोरिया जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर भाजपा कोरिया के ही जिला उपाध्यक्ष का एक सोशल मिडिया पोस्ट काफी सुर्खियां बटोर गया,वहीं जिसके बाद काफी प्रतिक्रियाएं भी आईं खासकर विपक्ष के लोगों ने भाजपा नेता के सोशल मिडिया पोस्ट पर जमकर अपने विचार प्रकट किए और यह भी विपक्ष के लोगों ने लिख डाला की जब सरकार में रहते हुए एक भाजपा नेता ऐसा लिख रहा है मतलब कोरिया जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था काफी बदतर स्थिति में है जिसमे सुधार की जरूरत है। वैसे भाजपा नेता के सोशल मिडिया पोस्ट पर केवल विपक्ष के ही लोगों ने अपनी राय प्रकट नहीं की अन्य लोगों ने भाजपा के ही अन्य नेताओं ने साथ ही आम लोगों ने भी अपने विचार रखे और जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की बात सभी के द्वारा मानी गई। वैसे जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार की बात और वर्तमान में स्वास्थ्य व्यवस्था बदतर है ऐसी बात लिखने की हिम्मत भाजपा नेता ने दिखाई जिसपर विपक्ष खासकर कांग्रेस नेताओं या कार्यकर्ताओं के ज्यादा विचार समाने आए जो इस स्वीकारयोक्ति के साथ सामने आए की निश्चित ही जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बदतर है और जिसमे सुधार की जरूरत है। वैसे विपक्ष खासकर कांग्रेस नेताओं कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर की गई बदतर स्थिति वाली स्वीकारयोक्ति के बाद एक और विषय साबित हो गई वह यह की कांग्रेस के पांच साल के कार्यकाल में भी जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बेपटरी ही चली आती रही वहीं जिसमे सुधार नहीं हो सका और भाजपा के अल्प काल के वर्तमान कार्यकाल में स्थिति और बदतर हुई है और जिससे जिले के लोगों के स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है।




### जिला चिकित्सालय सहित जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर पहले भी उठते रहे हैं प्रश्न, समय समय पर श्रेय लेने की होड़ में अव्यवस्था मामले में नेता बनाते चले आए मौन

जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर यह कोई पहला प्रश्न नहीं उठा है। प्रश्न खास या आरोप खास चिंता नेता की खास इसलिए है इस बार क्योंकि ऐसी हिम्मत सत्ताधारी दल के नेता ने की है और जिसने बेबाकी से स्वीकार किया है की जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बद से बदतर स्थिति में है। पहले जब कभी भी जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था पर प्रश्न उठाए गए कोई शिकायत हुई या कोई मामला सामने आया नेता श्रेय लेने की होड़ में मौन रहे और कहीं न कहीं उन्होंने अव्यवस्था का ही पक्ष लिया। इस बार भाजपा नेता देवेंद्र तिवारी ने साफ तौर पर माना की जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था चिंताजनक स्थिति में है और जो गंभीर मामला है। वैसे जिले में प्रतिदिन स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर मामले समाने आते रहते हैं कभी कोई गलती कभी कोई कमी लगातार देखने को मिलती रहती है लेकिन कभी किसी को मुखर होकर विरोध करते नहीं देखा गया खासकर सत्ताधारी दल के किसी नेता को क्योंकि सभी अपनी सरकार के बखान में ही लगे रहते हैं सच और वास्तविक स्थिति को छिपाने का काम करते हैं वहीं जो पीड़ित होता है उसे आश्वासन या उसे सांत्वना देकर भी मना लिया जाता है और बात आई गई कर दी जाति है।

### सरगुजा संभाग से ही स्वास्थ्य मंत्री खुद कोरिया जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर नहीं ला सके...

पूर्व की कांग्रेस सरकार के तीन विधायक कोरिया जिले से थे विभाजन बाद में हुआ लेकिन वह तीनो मिलकर भी वहीं सरगुजा संभाग से ही स्वास्थ्य मंत्री खुद कोरिया जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को पटरी पर नहीं ला सके और जिसका परिणाम अब देखने को मिलने लगा लोगों की जान से खिलवाड़ कहीं देखने को मिल रहा है जिले में कहीं शव के लिए वाहन की अनुपलब्धता है साथ ही पोस्टमार्टम के लिए भी जिले में नेताओं की गुजारिश काम कर रही है। यदि सच में विगत कुछ दिनों पूर्व घटी घटना सही है तो यह प्रश्न लाजमी है जो या यह चिंता भाजपा नेता की लाजमी है की जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था बद से बदतर हो चुकी है और जिसमे सुधार की जरूरत है।

### भाजपा नेता देवेंद्र तिवारी ने स्वास्थ्य मंत्री के जिले से ही है इस के बावजूद सोशल मिडिया पोस्ट किया गया है जो स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर है और जिसकी सराहना हो रही...

भाजपा नेता देवेंद्र तिवारी के द्वारा अपनी ही सरकार में स्वास्थ्य मंत्री के जिले से ही होने के बावजूद इस आशय का सोशल मिडिया पोस्ट किया गया है जो जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर किया गया है और जिसकी सराहना हो रही है की आखिर सत्ता में रहने के बावजूद किसी ने तो सच लिखने का साहस दिखाया क्योंकि पूर्व की कांग्रेस सरकार के नेताओं कार्यकर्ताओं ने भी अपने सरकार के कार्यकाल में केवल उपलब्धियों पर ही ध्यान आकृष्ट लोगों का कराया जो केवल खरीदी तक की उपलब्धि रही जिसमे भी भ्रष्टाचार हुआ अन्य कोई वह उपलब्धि खास बता नहीं सके वहीं एनएचएम कोरिया में हुआ भ्रष्टाचार जग जाहिर है जिसमे जिले के आला अधिकारी भी कहीं न कहीं या तो मौन रहे या मिलीभगत उनकी रही जो आरोप लगते रहे।

### एनएचएम में भर्ती घोटाला हुआ...खरीदी घोटाला हुआ... जिसकी जांच लंबित है पर स्वास्थ्य मंत्री चुप क्यों है?

कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान इसी कोरिया जिले में एनएचएम में भर्ती घोटाला हुआ खरीदी घोटाला हुआ और जिसकी जांच लंबित है शिकायत और जांच का जबकि आदेश प्राप्त है जिले के वरिष्ठ अधिकारियों को अब जब भाजपा नेता के द्वारा जिला चिकित्सालय और जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर चिंता जाहिर की गई है क्या जिले के उदासीन हो चुके जिला अधिकारी इस ओर ध्यान देंगे क्या अब सुधार के प्रयास होंगे आम लोगों को मुफ्त चिकित्सा का लाभ त्वरित मिलेगा यह बड़ा प्रश्न है या फिर जैसा है वैसा चलता रहेगा और बात आई गई होकर खत्म हो जाएगी।

### मामला जिसके बाद भाजपा नेता को सोशल मिडिया पर खुलकर जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लिखना पड़ा

भाजपा नेता ने सोशल मिडिया में क्यों लिखा यह बात भी जाननी जरूरी है । जैसा कि माना जा रहा है की हाल ही में जिले में दो ऐसी घटनाएं घटी जिसके बाद भाजपा नेता को जिले की स्वास्थ्य व्यवस्था की असल स्थिति उजागर करनी पड़ी। घटना दो अलग अलग थी जिसमे एक घटना सोनहत क्षेत्र की थी जहां एक नवजात बालक के शव के लिए शव वाहन की व्यवस्था भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत नहीं कर सका वहीं उसके परिजन उसे मोटर सायकल में घर ले जाने मजबूर हुए वहीं दूसरी घटना पोड़ी बचरा क्षेत्र से सामने आई जहां एक सर्पदंश से ग्रसित बालक को इसलिए काल के गाल में समाना पड़ा क्योंकि उसे एंटी स्नेक वेनम देने से पहले डॉक्टरों ने उसके परिजनों को पर्ची कटाने लंबी लाइन में लगा दिया और जब तक वह पर्ची कटाकर पहुंचे बालक की स्थिति गंभीर हो गई उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया जहां भी वह बच न सका। वैसे इनसब के बीच सबसे मार्मिक पहलू यह रहा की पोस्टमार्टम भी तब हुआ जब भाजपा नेता को जानकारी हुई और उन्होंने अस्पताल पहुंचकर निर्देश जारी किया। कुल मिलाकर जिला अस्पताल कहें या प्राथमिक अस्पताल हर जगह की स्थिति दयनीय है यह कहना अब गलत नहीं होगा यदि मामला सब सही है।

### क्या स्वास्थ्य मंत्री लेंगे मामले में संज्ञान,क्या जिले में स्वास्थ्य सुविधा होगी बेहतर तरीके से बहाल?

भाजपा नेता के सोशल मिडिया पोस्ट के बाद अब यह भी सवाल उठ रहे हैं की क्या अब स्वास्थ्य मंत्री मामले में लेंगे संज्ञान क्या जिले की स्वास्थ्य सुविधा बेहतर तरीके से होगी बहाल। स्वास्थ्य मंत्री चूंकि जिले से बाहर के नहीं हैं वहीं जिला चिकित्सालय फिलहाल दोनो जिले का एक ही है सुविधाओं के हिसाब से भले वह रेफर सेंटर बना हुआ है। अब देखना है की स्वास्थ्य मंत्री दोनो मामले में क्या कार्यवाही करते हैं। जिले के सोनहत सहित पोड़ी बचरा मामले में स्वास्थ्य मंत्री क्या दोषियों पर कार्यवाही करते हैं। वैसे माना जा रहा था की प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री युवा एवम शिक्षित व्यक्ति हैं वहीं वह ऊर्जावान भी हैं और उनके कमान सम्हालते ही स्वास्थ्य सुविधा बेहतर होगी जिले सहित प्रदेश की लेकिन ऐसा होता नजर नहीं आ रहा है जबकि आज भी वही लोग स्वास्थ्य व्यवस्था की जिम्मेदारी सम्हाल रहे हैं जिनकी कांग्रेस सरकार के कार्यकाल के दौरान शिकायत थी जिसकी जांच होनी थी कार्यवाही की लोगों को प्रतीक्षा थी।स्वास्थ्य मंत्री ने सभी को अभयदान दे दिया हो ऐसा लगता है और शायद इसीलिए चरमरा गई है जिले सहित प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था।

# पुलिस द्वारा अग्नि सुरक्षा के संबंध में दुकानदारों एवं व्यापारियों की मीटिंग लेकर जारी किया गया पम्पलेट

-संवाददाता-
कोरबा,31 मई 2024
(घटती-घटना)।

पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी द्वारा आग लगने की बढ़ रही घटनाओं को देखते हुए उनके निर्देश पर विशेष अग्नि सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थाना/चौकी के द्वारा दुकानदारों एवं व्यापारियों के मीटिंग लेने का निर्देश दिया गया । जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी के द्वारा क्षेत्र के सभी व्यापारियों एवं दुकानदारों का अग्नि सुरक्षा के संबंध में मीटिंग आयोजित करवाया जा रहा है। कोरबा पुलिस के द्वारा सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत दुकान संचालकों का अग्नि सुरक्षा के संबंध में मीटिंग आयोजित किया गया। जिसमें दुकान संचालकों को अपनी दुकान में अग्नि सुरक्षा उपकरण लगवाने एवं अन्य



जानकारी दिया गई साथ ही कोरबा पुलिस के द्वारा पम्पलेट जारी कर दुकानदारों को अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूक किया जा रहा है । जिसमे खास तौर पर आग से बचाओ की निम्नलिखित जानकारी दी गई है, जैसे आग लगने पर कहाँ से निकलना है पूर्व निर्धारित करे, पुरानी बिजली की कटी वायरिंग को बदलवा दें, दुकानों में अग्निशमन उपकरणों की व्यवस्था रखे, एक ही प्लग से एक साथ कई विद्युत उपकरणों का प्रयोग ना करें, ओरवरलोड से बचे ।

साथ ही पुलिस ने सजग कोरबा के तहत प्रतिष्ठानों में अग्नि शमन उपकरणों का उपयोग सही तरीके से करने के बारे में बताया जिसके अंतर्गत थाना/चौकी के द्वारा अग्निशमन विभाग के साथ मॉक ड्रिल का भी आयोजन किया गया । कोरबा पुलिस के द्वारा थाना दर्री और पाम मॉल थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत दुकान संचालकों और आम नागरिक को बुला कर अग्नि सुरक्षा के संबंध में मॉक ड्रिल का आयोजन अग्नि शमन विभाग की टीम के द्वारा किया गया।

मॉक ड्रिल में आग लगने पर क्या सावधानी बरतनी है, कैसे बचाव करना है और क्या करना है,क्या नहीं करना है बताया गया।मॉक ड्रिल में घर,रसोई, दुकान,कार्यालय,पैरावट,गैस सिलेंडर या बाहर कहीं भी आग लगने की स्थिति होने पर काबू पाने के लिये क्या करना है ये बताया गया एवं दुकानदारों और आम जनता के द्वारा पुलिस और अग्निशमन विभाग को जागरूक करने के लिए साधुवाद ज्ञापित किया गया।

# चौकी रजगामार क्षेत्र में हुए चोरी के मामले में पुलिस ने तीन आरोपी को किया गिरफ्तार

-संवाददाता-
कोरबा,31 मई 2024
(घटती-घटना)।



मेला राम पिता स्व0 दाता राम केसरवानी उम्र 49 वर्ष साकिन कोरकोमा दिनांक 28.05.2024 को चौकी रजगामार उपस्थित आकर लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि 27 मई के रात्रि 10.30 बजे से सुबह 05.00 बजे के मध्य किसी अज्ञात चोर द्वारा उसके घर घुसकर उसके पेंट में रखे नकदी कुल 15000 हजार रुपए पेंट सहित एवं रसोई से 02 लीटर तेल एक कांसा की थाली एक किसान टार्च, एक कड़ाही तथा एक सिल्वर की डेचकी कुल जुमला 17000 रू. को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया कि रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता एवं देहात क्षेत्रों में हो रही चोरी की घटना पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी निर्देशन पर अति पुलिस अधीक्षक यु.बी.एस चौहान के मार्गदर्शन एवं उप पुलिस अधीक्षक कोरबा प्रतिभा मरकाम के पर्यवेक्षण में चौकी रजगामार को अज्ञात आरोपी की पतासाजी हेतु चौकी प्रभारी रजगामार के उप निरीक्षक महासिंह धूर्वे के द्वारा अपने अधिनस्थ स्टाफ सउनि राकेश सिंह, प्र0आर0 353 विनोद कुमार,प्र0 आर0 174 गुरूवार सिंह,आर0 562 अजय महिलांगे,सैनिक 119 चेतन नारंग के दौरान अपराध विवेचना के प्रार्थी के निशानदेही पर घटनास्थल निरीक्षण कर नक्शा तैयार कर प्रार्थी एवं गवाहों के बताए अनुरूप मौके पर खोजी कुत्ते को घटनास्थल का निरीक्षण कराया गया एवं ग्राम कोरकोमा का सीसीटीवी फुटेज लिया गया । जहां कुछ संदेही का उक्त दिनांक का फुटेज मिला जो फुटेज एवं मुखबीर सूचना के आधार पर दिनांक 30.05.2024 को ग्राम में संदेही 01. कैथलसाय पिता सबल साय उम्र 24 वर्ष साकिन डोंगरीपहरी सोहनपूर चौकी बाकारूमा थाना धरमजयगढ़ जिला रायगढ़ छ0ग0 2. काकु राम शिकारी पिता बुटकुल शिकारी उम्र 31 वर्ष साकिन बेलदगी लखनपुर थाना लखनपुर जिला अंबिकापुर सरगुजा छ0ग0 3. इंदल शिकारी पिता मुन्ना शिकारी उम्र 22 वर्ष साकिन लिपती थाना कापू जिला रायगढ़ छ0ग0 को हिरासत में लेकर चौकी रजगामार ले आये। जिससे पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किया । जिसका मेमोरेण्डम कथन के आधार पर चोरी गये मशरूका नगदी 12500 रु. एक कांसा की थाली, एक कड़ाही,एक सिलवर का डेचकी एवं घटना में प्रयुक्त वाहन मो0सा0 पल्सर एवं स्कुटी को जप्त कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

**न्यायालय तहसीलदार सूरजपुर , जिला-सूरजपुर (छ0ग0)**

क्रमांक 174 राजस्व प्रकरण क्र. ब-121/2024, 28/05/2024

**ईश्तहार**

आवेदक/ आवेदिका का नाम राजकुमार आ0 सुधराम जाति घसिया निवासी दतिमा प0ह0नं0........तहसील सूरजपुर जिला-सूरजपुर छ0ग0 ने अपने बाबा प्राण साय मृत्य/जन्म दिनांक 28/01/2014 का मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र बनाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया हैं। जिस पर कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई हैं। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 13/06/2024 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में अपना स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। तद्नुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28/05/2024 को जारी किया जाता हैं।

सील
तहसीलदार
सूरजपुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)**

**ईश्तहार**

रा0प्र0क्र0202404021800046./29 /बी121-/2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण निवासी गांधीनगर अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय साहू,आ0दुखी साहू निवासी गांधीनगर अंबिकापुर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं कि उसकी मानसिक दिव्याग भतीजी रानू साहू जिनके माता पिता का देहान्त हो गया हैं। उसकी देखरेख एवं अन्य जवाबदारी आवेदक की हैं। वर्तमान में उसे विकलांगता पेंशन के रूप सेन्ट्रल बैंक ऑफ इडिया शाखा-नमनाकला अम्बिकापुर से मिलता हैं।उसकी भतीजी की उम्र 18 वर्ष से अधिक है और स्वयं खाता संचालित करने में सक्षम नहीं हैं जिस कारण आवेदक द्वारा अपनी दिव्यांग भतीजी का संरक्षक नियुक्त किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया हैं ।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक13/06/2024 के पुर्व इस न्यायालय में दावा/आपत्ति आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं।उक्त तिथि उपरांत प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24/05/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
अनुविभागीय अधिकारी
(रा0 )अम्बिकापुर,सरगुजा

## संक्षिप्त खेल समाचार

### बर्नडाइन बेजुइडनहॉट ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से लिया संन्यास



**क्राइस्टचर्च,31 मई 2024।** न्यूजीलैंड की महिला क्रिकेटर बर्नडाइन बेजुइडनहॉट ने अंतराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का ऐलान किया है, लेकिन अगले सत्र में वह घरेलू क्रिकेट में खेलना जारी रखेंगी।

### आईबीए से अलग हुआ भारत,विश्व मुक्केबाजी से जुड़ा



**नई दिल्ली, 31 मई 2024।** भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने शुक्रवार को निलंबित आईबीए से नाता तोड़ लिया और ओलंपिक में खेल के भविष्य को लेकर खतरे से निपटने के लिये विश्व मुक्केबाजी से जुड़ गया।
अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने महीनों पहले चेताया था कि अगर राष्ट्रीय महासंघ अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ (आईबीए) से जुड़े रहे तो 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक से इस खेल को हटाया जा सकता है।
बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने एक विज्ञप्ति में कहा ,'' मुक्केबाजी का ओलंपिक दर्जा बरकरार रहना खेल के लिये जरूरी है लिहाजा हम विश्व मुक्केबाजी से जुड़कर खुश हैं।'' सिंह ने कहा कि वह खेल के भावी विकास के लिये विश्व मुक्केबाजी के कार्यकारी बोर्ड से मिलकर काम करेंगे ताकि दुनिया भर के मुक्केबाजों को उज्वल भविष्य मिल सके। विश्व मुक्केबाजी का गठन अप्रैल 2023 में किया गया। इसके अध्यक्ष आईबीए अध्यक्ष पद के पूर्व दावेदार बोरिस वान डेर वोर्स्ट हैं।
वान डेर वोर्स्ट ने कहा ,'' अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी के लिये भारत बहुत महत्वपूर्ण देश है और हम बीएफआई का विश्व मुक्केबाजी परिवार में स्वागत करते हैं। यह बेहद रोमांचक कदम है जिससे एशिया में हमारी मौजूदगी बढेगी। हम बीएफआई के साथ मिलकर संयुक्त लक्ष्य के लिये काम करेंगे।'' अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने वित्तीय, खेल की अखंडता और प्रशासन संबंधी मसलों को लेकर 2019 में आईबीए की मान्यता रद्द कर दी थी। तोक्यो ओलंपिक के बाद पेरिस ओलंपिक में भी मुक्केबाजी स्पर्धायें आईओसी द्वारा आयोजित होंगी।

# टीम इंडिया को नहीं मिल रहे प्रैक्टिस के पूरे इंतजाम



**» रोहित-द्रविड़ ने जताई नाराजगी**

**नई दिल्ली,31 मई 2024।** टी 20 वर्ल्ड कप की शुरुआत होने में अब बस एक दिन शेष है, इससे पहले मेगा इवेंट के लिए भारतीय टीम ने अपने पहले अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। हालांकि, कोच राहुल द्रविड़ और कप्तान रोहित शर्मा न्यूयॉर्क के कैंटियाग पार्क में आयोजित किए गए इस अभ्यास सत्र में टीम को दी गई सुविधाओं से खुश नहीं हैं। रोहित शर्मा एंड कंपनी बुधवार दोपहर को नेट सत्र के लिए एकत्र हुई और अस्थायी स्थल पर उपलब्ध 6 ड्रॉप-इन पिचों में से तीन का इस्तेमाल किया।
अभ्यास सत्र से जुड़े एक करीबी सूत्र ने न्यूज 18 से कहा कि, पिचों से लेकर अन्य सुविधाओं तक सब कुछ अस्थायी है। ये कहना चाहिए कि यहां सब कुछ बहुत औसत है। टीम ने अपनी चिंताओं को उठाया है।
हालांकि, आईसीसी ने किसी भी टीम द्वारा कैंटियाग पार्क में अभ्यास सुविधाओं के संबंध में कोई शिकायत या चिंता व्यक्त नहीं की गई है। रिपोर्ट के अनुसार सुविधाओं के अलावा कार्यक्रम स्थल पर भोजन की व्यवस्थान भी उचित नहीं थी। कवर कर रहे पत्रकारों को डिब्बों में खाना परोसा गया और खिलाड़ी भी खुश नहीं थे। बीसीसीआई की ओर से भी खान की चिंता जताई गई।





भारत अपना एकमात्र अभ्यास मैच 1 जून को बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगा और तब तक कैंटियाग पार्क में मिल रही सुविधाओं का इस्तेमाल करेगा। उसके बाद भी यही टीम इंडिया के लिए एकमात्र ट्रेनिंग शिविर स्थल होगा क्योंकि टीम को कनाडा के खिलाफ आखिरी गेम के लिए फ्लोरिडा जाने से पहले अपना चार ग्रुप मैचों में से तीन पाकिस्तान, अमेरिका और आयरलैंड के खिलाफ न्यूयॉर्क में ही खेलने हैं।

# टी 20 विश्व कप में वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को वॉर्मअप मैच में हराया

**पोर्ट ऑफ स्पेन, 31 मई 2024।** टी20 विश्व कप 2024 के सह-मेजबान वेस्टइंडीज ने टूर्नामेंट के वॉर्म-अप मैच में भारतीय समयानुसार शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया को 35 रन से हरा दिया।
क्वींस पार्क ओवल में टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया ने पहले गेंदबाजी चुनी। वेस्टइंडीज ने चार विकेट के नुकसान पर 257 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया, जिसमें निकोलस पूरन ने सबसे ज्यादा 75 रन बनाए।
कप्तान रोवमैन पॉवेल (52), शेरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 47 रन) और सलामी बल्लेबाज जॉनसन चार्ल्स (40) ने भी शानदार प्रदर्शन किया। दो बार के चैंपियन ने शानदार पावर-हिटिंग से घरेलू दर्शकों का रोमांच डबल कर दिया। वेस्टइंडीज के शीर्ष क्रम ने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों की खूब धुनाई की। एडम ज़म्पा ने अपने चार ओवरों में 62 रन दिए और दो विकेट लिए।
जवाब में ऑस्ट्रेलिया 20 ओवर में सात विकेट पर 222 रन ही बना सका। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एकमात्र अर्धशतक जोश इंग्लिस के बल्ले से निकला। इंग्लिस ने 55 रन बनाए।
स्पिनर गुडाकेश मोती (2/31) और तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ (2/44) ने मेजबान टीम के लिए सबसे सफल गेंदबाज रहे।





इस साल का टी20 विश्व कप 2 जून से अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया 6 जून को ओमान के खिलाफ अपना पहला मैच खेलेगा, जबकि वेस्टइंडीज अपना पहला मैच पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ 2 जून को खेलेगा।
विश्व कप के सह-मेजबान वेस्टइंडीज के लिए यह एक शानदार शुरुआत है। बीते कुछ साल इस धाकड़ टीम के लिए ज्यादा अच्छे नहीं रहे हैं। ऐसे में ऑस्ट्रेलिया की फुल स्ट्रेंथ टीम को हराना उनके आगामी विश्व कप की मजबूत तैयारियों की गवाही दे रहा है।

**विश्व कप के लिए दोनों टीम**

**वेस्टइंडीजः** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), अल्जारी जोसेफ (उपकप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज, शिमरोन हेटमायर, शमार जोसेफ, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरन, शाई होप, आंद्रे रसेल, रोमारियो शेफर्ड, ओबेड मैकॉय, अकील होसेन, गुडाकेश मोती और शेरफेन रदरफोर्ड।

**ऑस्ट्रेलियाः** मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लिस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोयनिस, मैथ्यू वेड (विकेटकीपर), डेविड वॉर्नर, एडम जम्पा

# अजारेंका को हराकर मीरा एंड्रीवा तीसरे दौर में

**पेरिस, 31 मई 2024।** उभरती युवा खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने सनसनीखेज प्रदर्शन करते हुए पूर्व विश्व नंबर एक विक्टोरिया अजारेंका को गुरूवार को देर रात के मुकाबले में 6-3,3-6, 7-5 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया
17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने 19 वीं सीड अजारेंका पर दो घंटे 31 मिनट में जीत हासिल की। मैच पेरिस में स्थानीय समयानुसार देर रात एक बजे (भारतीय समयानुसार तड़के 4:30 बजे) समाप्त हुआ।
डब्लूटीए से प्राप्त जानकारी के अनुसार मीरा एंड्रीवा, जो पिछले वर्ष डब्लूटीए की न्यूकमर ऑफ द ईयर रही थीं, इस सत्र में पहले ही पांच टॉप 25 जीत दर्ज कर चुकी हैं। उन्होंने एक महीने पहले मार्केटा वोन्द्रूसोवा और जास्मिन पाओलिनी को मैड्रिड में हराया था।
विश्व की 38 वें नंबर की खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा अपने युवा करियर में तीसरी बार किसी ग्रैंड स्लैम के राउंड ऑफ़ 16 में प्रवेश करने की तरफ देखेंगी जब उनका मुकाबला एक और उभरती खिलाड़ी



अमेरिका की पेटन स्टर्न्स से होगा।
स्टर्न्स ने एक और उलटफेर भरी जीत दर्ज करते हुए 10 वीं सीड डारिया कसात्किना को 7-5,6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बनायी।
मीरा एंड्रीवा और स्टर्न्स इससे पहले फरवरी में डब्लूटीए 1000 दुबई के पहले दौर में भिड़ी थीं जिसमें स्टर्न्स ने 6-2, 2-6, 6-1 से जीत हासिल की थी।

# नेहा शर्मा की वेब सीरीज 36 डेज का ट्रेलर जारी




एक्ट्रेस नेहा शर्मा की मोस्ट पॉपुलर सीरीज इल्लीगल' का सीजन 3 आज ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमा पर रिलीज हो गया है। इस सीरीज के दो सीजन काफी हिट रहे थे वहीं तीसरे सीजन को भी काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं नेहा शर्मा की एक और अपकमिंग सस्पेंस-थ्रिलर सीरीज 36 डेज़-सीक्रेट इज इंजूरियस टू हेल्थ का ऑफिशियल ट्रेलर भी आज रिलीज कर दिया गया। सीरीज में नेहा एक रहस्मय महिला के किरदार मे हैं। ट्रेलर की शुरुआत बैकग्राउंड से आवाज आती है हमारी नई टेनेंट मिली थी मुझे। ये सुनकर कोई और पूछता है कैसी है। इसके बाद नेहा शर्मा बिकिनी पहने हुए पूल में उतरती हुई नजर आती हैं। वहीं कुछ पड़ोस के मर्द उन्हें घूरते हुए नजर आते हैं। इसके बाद शो में शारिब हाशमी की एंट्री होती है और वे नेहा से मुलाकात करने के बाद कहते हैं मैं ऋषिकेश जयकर.इसके बाद फिर बैकग्राउंड से एक फीमेल वॉइस आती है जो कहती है तू भी हर किसी की तरह उसे घास डालने की सोच रहा है क्या। इसके बाद शुरू होती है सस्पेंस से भरी कहानी.नेहा कहती नजर आती हैं किसी को खोने का दर्ज मुझसे बेहतर कोई नहीं समझ सकता. सीरीज में नेहा का नाम फराह है। ट्रेलर में आगे नेहा गन लिए हुए नजर आती हैं। ओवरॉल ट्रेलर फरेब की कहानी बयां करता है और सभी कैरेक्टर झूठ, धोखे और यहां तक कि प्यार के जाल में उलझे हुए नजर आते हैं। अब नेहा फरेब करती हैं या वे खुद विक्टिम हैं ये तो सीरीज के आने के बाद ही पता चल पाएगा.



### वैश्विक महामारी ने सिनेमा जगत को बदलने पर मजबूर किया

अभिनेत्री जाह्नवी कपूर ने कहा कि वैश्विक कि महामारी ने सिनेमा जगत को बदलने पर मजबूर किया है। उनका मानना है कि मध्यम श्रेणी की फिल्मों को निर्माताओं और दर्शकों से अधिक समर्थन की जरूरत है। जाह्नवी (27) की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही आज ही बड़े पर्दे रिलीज हुई है। अभिनेत्री ने कहा कि वह ऐसी भूमिकाएं निभाने की चाह रखती हैं जो किसी कहानी पर आधारित हों। जाह्नवी कपूर ने कहा,वैश्विक महामारी के बाद दर्शकों द्वारा सिनेमा देखने के तरीके में आए बदलाव ने हमें थोड़ा बदलाव करने पर मजबूर किया है। यह अच्छा समय है।

# विक्रांत मैसी की ब्लैकआउट का ट्रेलर जारी

### सस्पेंस और कॉमेडी से भरपूर हैं फिल्म

पिछले साल अपनी फिल्म '12वीं फेल' की सफलता का आनंद लेने के बाद एक्टर विक्रांत मैसी ने खूब वाहवाही लूटी। इस फिल्म की दर्शकों ने काफी तारीफें की। विक्रांत अब अपनी आगामी क्राइम थ्रिलर कॉमेडी फिल्म ब्लैकआउट की ओटीटी रिलीज के लिए तैयार हैं। फिल्म में मौनी रॉय और सुनील ग्रोवर भी हैं। ब्लैकआउट का ट्रेलर आज पहले सोशल मीडिया पर जारी किया गया था और यह थ्रिलर, सस्पेंस और कॉमेडी की रोलरकोस्टर सवारी है।आपको बता दें कि विक्रांत मैसी और मौनी रॉय की ब्लैकआउट के निर्माताओं ने यूट्यूब पर ब्लैकआउट का ट्रेलर लॉन्च किया। वीडियो के डिस्क्रिप्शन में लिखा है, एक नॉर्मल सफर को पीड़ित बनाना कोई इनसे (हमसे) सिखे। 2 मिनट 35 सेकंड के ट्रेलर में विक्रांत की कॉमिक टाइमिंग और सह-कलाकार सुनील ग्रोवर के साथ उनकी दोस्ती मुख्य आकर्षण है।ब्लैकआउट के ट्रेलर की शुरुआत विक्रांत मैसी के साथ होती है, जो पगड़ी और लंबी दाढ़ी रखते हैं क्योंकि वह सोफे पर बैठते हैं। कुछ सेकंड बाद, कोई भी उनके अन्य अवतारों को भी नोटिस कर सकता है। विक्रांत ने लेनी डिसूजा की भूमिका निभाई है, जो एक स्टिंग ऑपरेशन पत्रकार है, जो एक ब्लैकआउट के दौरान एक कार दुर्घटना से मिलता है।लेनी, जो सुरक्षित है, दूसरी कार में पड़े खजाने का ढेर पाता है और इस तरह बादशाह बनने का उसका लालच शुरू होता है। ट्रेलर में सुनील ग्रोवर और बाद में मौनी रॉय को उनके साथ उनके सफर पर टैग करते हुए दिखाया गया है। एक सीन में लेनी के रूप में विक्रांत कहते हैं, किस्मत इतनी खराब है मेरी, आसमान में पत्थर भी फेखुंगा ना, एस ला एस्ट्रोइड बांके मेरे ऊपर ही गिरेगा। ट्रेलर में एक सीक्वेंस में पुदिन हारा का रेफरेंस भी है।देवांग शशिन भावसार द्वारा लिखित और निर्देशित, ब्लैकआउट 7 जून, 2024 से जियोसिनेमा पर स्ट्रीमिंग शुरू करेगा। क्राइम थ्रिलर एंटरटेनर निश्चित रूप से आपको अपनी सीटों के किनारे पर रखेगा, क्योंकि आप अप्रत्याशित ट्विस्ट और टर्न देखते हैं।



# नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला को साथ में वाइन पीते हुए देखा गया

अफवाहों के मुताबिक कपल नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला को यूरोप में छुट्टियां मनाते हुए देखा गया। ऐसा लग रहा है कि दोनों कलाकार अपनी ट्रिप के दौरान वाइन चखने की एक्टिविटी का लुत्फ उठा रहे थे। उनकी तस्वीरें अब इंटरनेट पर वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों के ट्रेंड में आने के बाद से ही सोशल मीडिया पर लोग बंटे हुए नजर आ रहे हैं। जहां एक तरफ एक्स यूजर्स ने तस्वीर को पसंद किया, वहीं दूसरी तरफ कुछ लोगों को चाई की पूर्व पत्नी सामंथा रूथ प्रभु की याद आ गई।
अपनी डेटिंग अफवाहों पर बात करते हुए शोभिता ने कहा कि उन्हें लगता है कि उन्हें ऐसे लोगों को जवाब नहीं देना चाहिए जो बिना जानकारी के बोलते हैं।
फिल्मीबीट की रिपोर्ट के अनुसार, शोभिता ने कहा, मैं बहुत भाग्यशाली हूँ कि मुझे खूबसूरत फिल्मों के साथ काम करने का मौका मिला। मैं एक क्लासिकल डांसर हूँ और मुझे डांस करना पसंद है। मणिरत्नम की फिल्म में एआर रहमान के तीन गानों पर परफॉर्म करना मेरे लिए बहुत बड़ी बात है। मैं अभी इस पर ध्यान केंद्रित कर रही हूँ। जो लोग बिना जानकारी के बोलते हैं, मुझे नहीं लगता कि मुझे उन्हें जवाब देने की ज़रूरत है। जब मैं कुछ गलत नहीं कर रही होती हूँ और यह मेरा काम नहीं है, तो मुझे चीजों को स्पष्ट करने की ज़रूरत नहीं पड़ती।



उन्होंने आगे कहा, लोगों द्वारा आधी-अधूरी जानकारी के साथ लिखी गई बातों का जवाब देने या उन्हें स्पष्ट करने के बजाय, आपको अपने जीवन पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए, इसे बेहतर बनाना चाहिए, शांत रहना चाहिए और एक अच्छा इंसान बनने की कोशिश करनी चाहिए।

**ये सब कब शुरू हुआ**

नागा चैतन्य और शोभिता धुलिपाला के कथित अफेयर की अटकलें पिछले साल मीडिया रिपोर्ट्स में आने लगी थीं। हाल ही में, नागा चैतन्य और शोभिता ने लंदन स्थित जामावर में एक खास डिनर डेट की। लंदन के एक रेस्तराँ के शेफ ने अपने इंस्टाग्राम पर दोनों अभिनेताओं की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें अभिनेता को कैमरे के सामने मुस्कुराते हुए देखा जा सकता है, जबकि शोभिता उनके पीछे बैकग्राउंड में दिखाई दे रही हैं। दोनों में से किसी भी अभिनेता ने पुष्टि नहीं की है कि वे एक-दूसरे के साथ हैं, लेकिन प्रशंसक उन्हें एक साथ पसंद कर रहे हैं।

# सन ऑफ सरदार 2 से सोनाक्षी सिन्हा आउट




अजय देवगन की साल 2012 में आई कॉमेडी ड्रामा फिल्म सन ऑफ सरदार तो सभी को याद होगी। सन ऑफ सरदार साल 2012 की हिट और सक्सेस फिल्मों की लिस्ट में शुमार हुई थी।. सन ऑफ सरदार के जरिए अजय देवगन पहली बार पगड़ी पहनकर कैमरे के सामने आए थे और एक्टर की कॉमिक टाइमिंग ने फैंस को खूब हंसाया था। अब 12 साल बाद सन ऑफ सरदार के दूसरा पार्ट यानी सीक्वल की बात लंबे समये से चल रही है। सन ऑफ सरदार 2 से लेटेस्ट अपडेट ये आई है कि अब फिल्म के सीक्वस से सोनाक्षी सिन्हा का पत्ता साफ हो गया है और अब साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम करने वाली इस खूबसूरत हसीना की एंट्री हो गई है। रिपोर्ट्स की मानें तो, सन ऑफ सरदार 2 की कास्टिंग शुरू हो गई है और इस बार अजय देवगन के साथ सोनाक्षी सिन्हा नहीं बल्कि मृणाल ठाकुर रोमांस करेंगी। अगर ऐसा हुआ तो यह पहली बार होगा जब अजय और मृणाल एक साथ पर्दे पर काम करेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सन ऑफ सरदार 2 की स्टोरी के हिसाब से सोनाक्षी इसमें फिट नहीं दिख रही हैं.लेकिन, अभी तक इस मृणाल के फिल्म में आने और सोनाक्षी के फिल्म से जाने पर मेकर्स की प्रतिक्रिया नहीं आई है। कहा जा रहा है कि आने वाले कुछ समय में अजय देवगन फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे।. फिलहाल अजय एक्शन डायरेक्टर रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स की फिल्म सिंघम अगेन की शूटिंग कर रहे हैं. वहीं, सन ऑफ सरदार 2 में संजय दत्त की जगह सनी देओल ले सकते हैं।

# छत्तीसगढ़ में हीट वेव और नौतपा का कहर जारी

» सुबह 9 बजे से ही चढ़ रहा है पारा...

» 47 डिग्री पहुंचा तापमान...




**रायपुर,31 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में इन दिनों नौतपा के बीच भीषण गर्मी और तेज धुप से लोगों का हाल बेहाल हो गया है। बीते 3-4 दिनों से लगभग पारा 47 डिग्री पहुंच रहा है। वहीं सुबह 9 से ही तापमान बढ़कर 38 डिग्री पहुंच रहा है। सुबह के वक्त लोगों को बाहर निकलकर काम निपटाने होते हैं, लेकिन 9 बजे से ही गर्मी के चलते लोगों को राहत की सुबह नहीं मिल पा रही है।

गुरुवार को राजधानी रायपुर में अधिकतम तापमान 46.8 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। इस बार की प्रचंड गर्मी ने प्रदेश के इतिहास में 10 साल का रिकॉड तोड़ा दिया है। इधर, मौसम विभाग की माने तो छत्तीसगढ़ में हीट वेव को लेकर 24 घंटे के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

वहीं लगभग सप्ताहभर से छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी की वजह से आगजनी और लू की चपेट में आकर मौतों की खबरें सामने आई हैं। ऐसे में अब इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए सरकार अलर्ट मोड पर है। सीएम विष्णुदेव साय ने सभी संस्थाओं को फायर फाइटर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

## साय सरकार ने अधिकारियों को अग्निशामक यंत्र जांच के दिए निर्देश



सीएम ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर जानकारी दी कि, अधिकारियों को फायर फाइटर की जांच के निर्देश दिए गए हैं। सीएम ने लिखा है कि, भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश के सभी शासकीय कार्यालयों, छोटे-बड़े उद्योगों,होटलों,बहुमंजिला इमारतों, मॉल, गेमिंग जोन,अस्थाई प्रदर्शनियों,पेट्रोल पंप आदि का मौका मुआयना कर अग्निशामक यंत्र की सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं। सभी संस्था संचालकों से आग्रह है कि, वे अपने प्रतिष्ठानों में अग्निशामक यंत्रों का होना सुनिश्चित करें। समय-समय पर उसका निरीक्षण-परीक्षण भी करें। ताकि आपात स्थिति में हालात को तुरंत नियंत्रित किया जा सके और जनहानि से बचा जा सके।

## प्रदेश के इन 18 जिलों में हीट वेव की स्थिति

छत्तीसगढ़ के 18 जिलों में हीट वेव की स्थिति आगे भी बनी रहेगी। जिसमें रायपुर, रायगढ़,राजनांदगांव,सक्ति,बिलाईगढ़,महासमुंद,कोरबा,कोरिया,बेमेतरा,बिलासपुर, बलोदाबाजार,दुर्ग,जांजगीर- चांपा जिला शामिल हैं।

## भीषण गर्मी से अब तक 5 लोगों की मौत

छत्तीसगढ़ में आज भी कई इलाके लू की चपेट में हैं। नौतपा के छठवें दिन यानी गुरुवार को प्रदेश में कई प्रमुख शहरों में हीटवेव का असर दिखा दिया। इस दौरान बिलासपुर में 2 लोगों की मौत हो गई। इसके साथ ही प्रदेश में गर्मी से मरने वालों का आंकड़ा 5 पर पहुंच गया है। इस सीजन में 30 मई को रायपुर बेहद गर्म रहा। दोपहर में तापमान रिकॉर्ड 46.8 डिग्री पर पहुंच गया। यह पिछले एक दशक का सबसे गर्म दिन रहा है। आज प्रदेश के 16 जिलों में अगले 24 घंटे के लिए लू का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिनों में प्रदेश में अधिकतम तापमान में विशेष बदलाव नहीं होगा। इसके बाद 2 से 3 डिग्री तापमान में गिरावट होगी। मौसम विज्ञानी डॉ. गायत्री वाणी कांचिभ ने बताया कि छत्तीसगढ़ में शुक्रवार को कुछ जगहों पर लू चलने की संभावना है। शाम और रात में तेज अंधड़ और बिजली चमकने की संभावना है। रायपुर में आज दोपहर का तापमान 46 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है, वहीं रात में भी पारा 32 डिग्री के आसपास रहेगा।

# कस्टम मिलिंग घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ में 5 जगहों पर ईडी की रेड

» राइस मिल एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश रूंगटा के ठिकाने पर दबिश




**रायपुर,31 मई 2024(ए)।** पिछले कुछ महीने से ईडी और ईओडब्ल्यू की टीम कोयला घोटाला, कस्टम मिलिंग घोटाला, महादेव सट्टा एप मामला या फिर शराब घोटाला में लगातार छापेमार कार्रवाई कर रही है। शुक्रवार को कस्टम मिलिंग घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम रायपुर और दुर्ग में दो-दो जगह पर और खरोरा में एक जगह पर छापेमार कार्रवाई की है।

दुर्ग जिले में लोकसभा चुनाव खत्म होने के बाद ईडी ने एक बार फिर दस्तक दी है। इस बार ईडी राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष कैलाश रूंगटा के दीपक नगर स्थित निवास पर पहुंची है। ईडी की टीम 6 महीने के अंदर दूसरी बार छत्तीसगढ़ राइस मिलर एसोसिएसन के अध्यक्ष के ठिकाने पर पहुंची है।. राजस्व क्षति पहुंचाने समेत हवाला कारोबार से जुड़े मामले की छानबीन करने के दौरान दबिश दी।. ईओडब्ल्यू एसीबी ने ईडी की रिपोर्ट के बाद कस्टम मिलिंग घोटाले के मामले में धारा 409, 120 बी के तहत अपराध दर्ज किया हैं।

राइस कारोबारी और छत्तीसगढ़ प्रदेश राइस संगठन के पूर्व महासचिव प्रमोद अग्रवाल के ठिकानों पर भी ईडी की टीम ने छापेमार कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि ईडी की टीम राइस मिल ऑफिस और निवास पर दस्तावेज खंगाल रही है। कारोबारी प्रमोद अग्रवाल के खरोरा और रायपुर स्थित ठिकानों पर दबिश दी गई है। छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग घोटाले में पूर्व एमडी मनोज सोनी और राइस मिलिंग के पूर्व कोषाध्यक्ष रोशन चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद कई लोगों के भी नाम सामने आए हैं।

धान की कस्टम मिलिंग में बड़ा घोटाला के सूत्रधार मार्कफेड के तत्कालीन एमडी मनोज सोनी है। इस मामले में ईडी ने जांच में पाया कि खरीफ वर्ष 2021-22 तक सरकार द्वारा धान का प्रति क्विंटल 40 रुपये भुगतान किया गया। धान की कस्टम मिलिंग के लिए दी जाने वाली रकम सरकार ने 40 रुपये को बढ़ाकर तीन गुना यानी 120 रुपये प्रति क्विंटल धान का भुगतान दो किस्तों में किया गया।

## आचार संहिता हटते ही जारी होगी महतारी वंदन योजना की चौथी किस्त




**रायपुर, 31मई 2024 (ए)।** रायपुर। छत्तीसगढ़ की बीजेपी सरकार द्वारा शुरू किए गए महतारी वंदन योजना के चौथी क़िस्त का इन्तजार कर रहे महतारियों के लिए यह खबर काम की है। कयास लगाया जा रहा है कि अचार संहिता हटते ही सरकार महिलाओं के खाते में जून के पहले ही सप्ताह में पैसा ट्रांसफर कर देंगे। हालांकि अभी इसको लेकर कोई आधिकारीक सूचना जारी नहीं हुई है।प्रदेश की बीजेपी सरकार तीसरी किस्त पिछले महीने मई के पहले ही दिन जारी की थी। जिसके बाद अब चौथी किस्त जून के पहले सप्ताह में जारी कर सकती है। आपको बता दें कि 1 मई को 70 लाख से अधिक महिलाओं के खाते में 1 हजार रुपए डाले गए थे।



## ज्वेलरी शॉप में ब्लास्ट हुआ एसी

### पंडरी रोड की घटना

**रायपुर,31 मई 2024(ए)।** पंडरी रोड स्थित कल्याण ज्वेलर्स के शो रूम में शुक्रवार दोपहर एक बड़ा हादसा हुआ। भीषण गर्मी की वजह से शोरूम के एसी फटने से एक कर्मचारी गंभीर रूप से झुलस गया। वह करीब 60 प्रतिशत से अधिक झुलसने की जानकारी मिली है। इसे साथियों ने इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। वीडियो काफी वीभत्स है।

## फोर्स ने 16 नक्सलियों को किया गिरफ्तार



**बीजापुर,31 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ़ में सुरक्षाकर्मियों ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए कल 16 कट्टर माओवादियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के मुताबिक बीजापुर कोटाबलिया थाना क्षेत्र में डीजीआर और सीआरपीएफ ने संयुक्त अभियान चलाया तो 11 माओवादियों को गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह सुरक्षाकर्मियों ने असुरा थाना क्षेत्र से पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया। छत्तीसगढ़ पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार माओवादी छत्तीसगढ़ में अलग-अलग जगहों पर हिंसक वारदातों में शामिल रहे थे।

## बिजली आपूर्ति बहाली में विलंब के जिम्मेदार अफसरों को कारण बताओ नोटिस जारी

**रायपुर,31 मई 2024 (ए)।** छत्तीसगढ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में आज कंपनी अध्यक्ष तथा प्रदेश के ऊर्जा सचिव पी.दयानंद की बैठक की धमक रही। बिजली आपूर्ति में बाधा की शिकायतों को देखते हुए दयानंद ने ट्रांसमिशन कंपनी तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों को तलब किया और जिन स्थानों पर आपूर्ति बहाली में निर्धारित से अधिक या गैरवाजिब समय लग रहा हैं, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

# आईआईएम की क्लास में विष्णुदेव साय सहित मंत्रिमंडल के कई सदस्य बने स्टूडेंट

**रायपुर,31 मई 2024 (ए)।** राजधानी स्थित भारतीय प्रबंधन संस्थान रायपुर में आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर का शुभारंभ हो चूका है। यहां चिंतन शिविर में मुख्यमंत्री साय सहित उप मुख्यमंत्री द्वय अरुण साव एवं विजय शर्मा तथा मंत्रिमंडल के अन्य सहयोगी हिस्सा ले रहे हैं।

### सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने किया संबोधित



इस दौरान प्रथम सत्र को नीति आयोग के सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम ने संबोधित किया। अपने संबोधन में सुब्रमण्यम ने विकसित भारत की संकल्पना और इसे प्राप्त करने की रणनीति के संबंध में विस्तार से अपनी बातें साझा की। उन्होंने कहा कि बीते दस सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से आगे बढ़ा है और दुनिया की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत 2047 बनाने का संकल्प लिया है और इसे पूरा करने की रणनीति बनाई गई है।

सुब्रमण्यम ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री मोदी स्केल,स्पीड और इनोवेशन पर जोर देते हैं। बदलते अंतराष्ट्रीय परिदृश्य और समय को देखते हुए विकसित भारत का विजन तैयार किया गया है ताकि भारत अपनी विशिष्ट जगह बना सकें। उन्होंने कहा कि अब दुनिया की निगाहें ग्लोबल साउथ पर हैं। अब नजरिया पश्चिम से पूर्व की ओर देखने का है और भारत इन संभावनाओं को पूरा करने के लिए सक्षम है। भारत की जनांकिकी, भारत की रणनीतिक स्थिति और भारत में तेजी से हुए सुधारों से इस दिशा में आगे बढ़ने के लिए भारत तैयार है। चाहे डिजिटल इकानामी हो, अथवा कर संबंधी सुधार हो। नवाचार को बढ़ावा देना हो, भारत इसमें अग्रणी रहा है और आने वाले समय में इन्हें तेजी से बढ़ाना है। विकसित भारत सबके लिए समृद्धि लेकर आये, इसके लिए कार्य करना है। क्लाइमेट चेंज जैसी समस्याओं को देखते हुए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देते हुए सतत विकास की दिशा में काम करना है।

उन्होंने कहा कि जब हम विजन लेकर चलते हैं तो स्वाभाविक रूप से हमें एक गाइड मैप मिल जाता है और इसके अनुरूप हम बढ़ते जाते हैं। सुब्रमण्यम ने कहा कि विकसित भारत का संकल्प पूरा करने में छत्तीसगढ़ की अहम भागीदारी होगी। छत्तीसगढ़ में विकसित राज्य बनने के लिए और तीव्र विकास के लिए असीम संभावनाएं हैं और इस दिशा में आगे बढ़कर छत्तीसगढ़ अपने विकास के साथ ही विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

सभी मंत्रिगणों ने संवाद में भागीदारी करते हुए छत्तीसगढ़ में इस संबंध में बनाई जा रही नीतियों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने सुब्रमण्यम के समक्ष अपनी जिज्ञासाएं भी रखीं जिस पर विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत के उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए सार्थक परिचर्चा हुई। उल्लेखनीय है कि दो दिवसीय इस चिंतन शिविर में छत्तीसगढ़ के विजन हेतु सार्थक विमर्श होना है। साथ ही संसाधनों के सतत् उपयोग एवं योजनाओं के अभिसरण सहित विविध विषयों पर चर्चा होगी।

## कोर्ट पहुंचे 500 करोड़ कोयला घोटाला के आरोपी सूर्यकांत तिवारी



**रायपुर, 31 मई 2024 (ए)।** रायपुर कोर्ट में आज उस वक्त लोग हैरान रह गए, जब पांच सौ करोड़ के कोयला घोटाले के आरोपी सूर्यकांत तिवारी पीले धोती और कुर्ता पहनकर पहुंचे । इतना ही नहीं उसने मीडिया को विक्ट्री साइन भी दिखाया । वहीं कभी क्लीन शेव में रहने वाले निलंबित आईएएस समीर विश्नोई लंबी दाड़ी में दिखाई दिए । कोर्ट में तिवारी का पहनावा चर्चा का विषय रहा । लोग तरह-तरह के सवाल या तंज कसते दिखे। कई लोग मजा भी लेते रहे ।

पहनावे को लेकर राष्टीय जगत विजन की टीम ने सूर्यकांत तिवारी से सवाल किया तो उन्होंने हंसते हुए कहा, अपनी ग्रह दशाओं को सुधारने के लिए ऐसा पोशाक पहना हूं । वैसे मैं दिन के हिसाब से पोशाक धारण करता हूं और प्रत्येक गुरुवार को मैं पिला वस्त्र ही धारण करता हूं ।

पांच सौ करोड़ के कोल स्कैम के आरोपी सूर्यकांत तिवारी और आईएएस समीर विश्नोई आज कोर्ट में पेश हुए, जहां उन्हें चार दिन के लिए ईओडब्ल्यू की रिमांड पर सौंपा गया । कोयले की लेवी में घोटाला कर मोटी कमाई करने वाला सूर्यकांत तिवारी लंबे समय से जेल में बंद है । ईडी ने आरोप लगाया है कि सूर्यकांत तिवारी लेवी के रुपयों से पॉलिटिकल फंडिंग करता था ।

# तपती गर्मी में आंगनबाड़ी केंद्र खुलने से परिजनों में आक्रोश



» बंद करने की मांग...

**रायपुर,31 मई 2024(ए)।** छत्तीसगढ़ में भीषण गर्मी और लू की वजह से लोगों की मौत हो रही है. आग बरसाते सूरज को देखते हुए स्कूलों में आयोजित समर कैंप को भी स्थगित कर दिया गया है। प्रदेश में पारा 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विभाग ने लू की चेतावनी जारी की है तो वहीं स्वास्थ्य विभाग भी लू के खतरे को लेकर अलर्ट है। अलर्ट के बीच चौंकाने वाली बात यह है प्रदेश के लाखों छोटे-छोटे बच्चों की जान जोखिम में डाली जा रही है।. आंगनबाड़ी केंद्र तपती गर्मी में भी संचालित किया जा रहा है। नन्हे मुन्ने बच्चों के अभिभावक पूछ रहे हैं इतनी गर्मी के बीच कुछ दिनों के लिए आंगनबाड़ी केंद्रों को बंद क्यों नहीं किया जा रहा है ? बच्चों को कुछ हुआ तो कौन जिम्मेदार होगा ? प्रदेश में लगभग 52,193 आंगनबाड़ी केंद्र है।. जिसमें टोटल हितग्राही 26,16,931 हैं।. आंगनबाड़ी केंद्रों में 6 माह से तीन साल के बच्चों की संख्या लगभग 10,47,630 है. तो वहीं 3 से 6 साल के बच्चों की संख्या 11,75,975 है और 1,57,274 गर्भवती महिला हैं।.

# कार्रवाई से बचने फूड कंट्रोलर ने विक्रेता को फंसाया

» सरकारी राशन में गड़बड़ी का मामला



**बिलासपुर,31मई 2024 (ए)।** बिलासपुर में 2 साल से लगातार सरकारी राशन की हड़पने के मामले में फूड कंट्रोलर ने अब शासकीय उचित मूल्य की दुकान के विक्रेता को मोहरा बनाया है। तकनीकी खामियां और गड़बड़ी सामने आने के बाद उन्होंने मामले में एफआईआर दर्ज करने के लिए पुलिस को प्रतिवेदन भेजा है। बता दें कि खाद्य विभाग के अफसर और कर्मचारियों की मिलीभगत के बिना एपीएल कार्ड को बदलकर बीपीएल कार्ड बनाने का काम केवल विक्रेता नहीं कर सकता। इसके बावजूद जांच में विभाग के किसी अधिकारी-कर्मचारी पर कार्रवाई नहीं की गई है। जिले में पिछले 2 साल से एपीएल कार्ड को बदलकर बीपीएल कार्ड बनाने और मुफ्त में मिलने वाले सरकारी चावल में बड़े पैमाने पर हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। यह कारनामा किसी एक दुकान का नहीं, बल्कि कई दुकानों में किया गया है। जब कार्डधारियों को इसका पता चला तब उन्होंने मामले की शिकायत कलेक्टर से की। कलेक्टर अवनीश शरण ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को कमेटी बनाकर इसकी जांच कराने के निर्देश दिए हैं।

# महिला मरीज ने की बाथरूम में खुदकुशी



**रायगढ़,31 मई 2024(ए)।** मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल के महिला मेडिकल वार्ड में बाथरूम में एक महिला मरीज की फांसी पर लटकी हुई लाश मिली। जहां मौजूद लोगों ने डॉक्टर और पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतका के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजते हुए पूरे मामले को जांच में ले लिया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रायगढ़ जिले के पुसौर ब्लाकके अंतर्गत आने वाले ग्राम छिछोर उमारिया निवासी महिला दीपिका सारथी 20 साल को उसके परिजनों ने जहर सेवन कर लेने से 27 मई की सुबह मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराया था। बताया जा रहा है कि महिला के पति ने अज्ञात कारण वश तीन दिन पहले ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिसके बाद से महिला ने भी अपनी जान देने की खातिर जहर सेवन कर लिया था।जिसे परिजनों के द्वारा पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया जहां हालत में सुधार नही होनें पर उसे मेडिकल कालेज अस्पताल रायगढ़ में भर्ती कराया गया था। बताया जा रहा है कि पति की मौत के बाद उसकी पत्नी काफी परेशान रहती थी। मरिज महिला ने गुरुवार रात को बाथरूम में अज्ञात कारणों से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)